मैं एक बात सरकार से और जानना चाहूंगा, पंजाब के बारे में एक थिंक-टैंक हुआ करता था पंजाब फोरम के नाम से, जब आप लोग अपोजीशन में थे, वह थिंक-टैंक कहां चला गया ? कोई मिनिस्टर बना उसमें से, कोई हाई-कमीश्नर बन गया, कोई गवर्नर बन गया और वह थिंक-टैंक सिंक कर गया । उसको क्या हो गया ? वह सिंक टैंक क्यों बन गया ? क्यों डूब गया ?

अब मैं आता हूं पाकिस्तान के ऊपर, जिस पर बहुत एतराज हुआ था । मेरा एक और चार्ज है सरकार के ऊपर, कि जितने गेन्स हमारी सरकार के वक्त में पंजाब में हुए और जिसकी वजह से हम वहां पर पार्लियामेंट के इलेक्शन करवा सके, वे सारे के सारे गेन्स आपने धीरे-धीरे खतम कर दिए । अगर आप उस वक्त असेम्बली के इलेक्शन वहां करवा लेते, जैसा प्रधानमंत्री भी अब मानते हैं, बहुत आसानी से इलेक्शन वहां हो जाते । अब मुझे पूरा शक है कि आप वहां इलेक्शन करवा भी सकेंगे या नहीं करवा सकेंगे क्योंकि आपकी सपोर्टिंग-पार्टीज में से मैंने ऐसी भी आवाज सुनी है कि आज का जो एक्सटेंशन है प्रेसिडेंट रूल का, यह छह महीने का नहीं होना चाहिए । तो कितना होना चाहिए भाई ? एक साल का होना चाहिए या दो साल का होना चाहिए ? नहीं, वह कहते हैं कि इनडेफिनेट प्रेसिडेंट रूल लगा देना चाहिए आदरवाइज क्या होगा कि पुलिस-फोर्स डिमोरालाइज़ हो जाएंगे अगर 6 महीने किया तो । मेरा यह कहना है कि जो कार्रवाई पाकिस्तान में हो रही है, हमारी सरकार ने उस वक्त उसमें भी इतना काम किया कि होम सिक्रेटरी के लेवल के ऊपर उसमें बात-चीत होनी शुरू हो गई और बहुत सी चीजें एक्सपोज़ की गई, उनको कार्नर किया गया । (समय की घंटी) . . . बार्डर के ऊपर बी. एस. एफ. रेंजर्स के साथ रेगुलर इनटच रहते थे और जितनी वहां से स्मगलिंग होती थी, आर्म्स के अलावा, ड्रग्स की ट्रेफिकिंग होती थी, वह भी रुकी हुई थी, आर्म्स भी इस तादाद में नहीं आते थे । आज आफिसियल रिपोर्ट है कि जबसे आपकी सरकार आई है 2300 ए.के. 47 बार्डर क्रास हुई, अम्यूनीशन अलग है, मोर्टार्स अलग है । यह इसलिए हुआ कि सरकार की नीति अपीजमेंट की रही पहले पाकिस्तान की तरफ क्योंकि नेबर के साथ ठीक रखना था न, यह पालिसी

[श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल]

थी नेशनल फ्रंट सरकार की, उसका नुकसान अब समझ में आया । समझ में आने के बाद भी एक्शन नहीं हुआ । 500 से ज्यादा किलोमीटर लंबा बार्डर है पंजाब का । फेंसिंग कितने में हुई है, 120 किलोमीटर । काम बंद हुए कितने महीने हो गए हैं, 5 महीने । फेंसिंग का कोई काम नहीं हो रहा है । करीब 380 किलोमीटर फेंसिंग होने वाली है, क्यों नहीं वार फुटिंग पर आप काम करवाते जब आप समझते हैं कि फेंसिंग करवाने से यहां काम ठीक हो सकता है ? क्यों लड़के भागकर उधर जाते हैं ? क्यों नहीं बार्डर पर पकड़े जाते ? क्यों नहीं उनको आप पकड़ते ? उधर से जो लोग आते हैं, आर्म्स अम्यूनीशन लेकर आते हैं, क्यों नहीं वे पकड़े जाते ? मैं इस सदन में कई दफा कह चुका हूं, चतुरानन मिश्र जी, आपके ध्यान में अब लाता हूँ पाकिस्तान की बात । ...**(समय की घंटी)**..बस दो-चार मिनट और...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) दो मिनट ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : देखिए आप मेरी पार्टी से टाइम काट लीजिए अगर ज्यादा लगें दो-चार मिनट से तो । जितनी अच्छी पंजाबी हम बोलते हैं, रावी से इस तरफ रहने वाले पंजाबी, उससे अच्छी पंजाबी लाहौर में रहने वाले बोलते हैं, सियालकोट में रहने वाले बोलते हैं, गुजरांवाला में रहने वाले बोलते हैं । सिख बनने के लिए क्या जरूरत है ? ... **(व्यवधान)**...

श्री चतुरानन मिश्र : पश्चिम बंगाल से पूर्वी बंगाल के लोग अच्छी बंगाली बोलते हैं और हमसे ज्यादा अच्छी अंग्रेजी अंग्रेज लोग बोलते हैं, इसका मतलब है वहां चले जाएं ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : चतुरानन मिश्र जी, मेरे मन में आपके लिए बहुत इज्जत है । पहले मेरी बात सुनिए तो सही ।

श्री चतुरानन मिश्र : अच्छा, तब तो हम चुप हैं । आपने नाम ले लिया इसलिए ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : देखिए, वहां से जो मुस्लिम लोग हैं, उनको ट्रेंड करके, उनको दाढ़ी रखवाकर और पकड़ी बंधवाकर यहां भेज देते हैं और वे यहां पर आकर इंसिडेंट्स करते हैं । मैं यह नहीं कहता कि सिख लड़के नहीं करते, वे भी होंगे उनके साथ मिले हुए, लेकिन शुरूआत ऐसे हुई जैसे मैं बता रहा हूं । उनको रोकने की जरूरत है । जो भागकर वहां जाते हैं, वे सारे सिख लड़के नहीं हैं, वे वहीं से आए हुए मुस्लिम लोग हैं । I am sorry I have used the word "Muslims". पाकिस्तानी लोग हैं, उनको समझने की कोशिश कीजिए । कुछ लोग यहां से भी जाते होंगे । सरकार से आप यह कहिए, जिसको आप सपोर्ट करते हैं कि वार फुटिंग के ऊपर वहां तार लगवाए । वार फुटिंग के ऊपर वहां पर चौकसी करवाए । मेरी यह पसर्नल राय है कि अगर वहां पर पट्टी का काम भी हो सकता हो तो वहां करवाना चाहिए, मुझे मालूम नहीं, मेरी पार्टी का इस बारे में क्या स्टेंड है, लेकिन अगर पटटी की बात जिसको कि बी.जे.पी. ने सपोर्ट की है हमारे साथ उस वक्त, वह एक बहुत अच्छी बात है । ... **(व्यवधान)**

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : हंसपाल जी, एक बात का अगर आप स्पष्टीकरण देने की कृपा करेंगे तो । आपने कहा कि पाकिस्तानी लोग आ रहे हैं .... **(व्यवधान)**...

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : भी आ रहे हैं ।

श्री अश्विनी कुमार : भी आ रहे हैं और ऐसा है कि आज तक की खबर में मैंने नहीं पढ़ा, इसलिए आपसे स्पष्टीकरण चाहता हूं कि अगर आते हैं तो पकड़े जाते हैं, कई उसमें से गोली खाकर मरते भी हैं और कई पाकिस्तानियों की

कुछ आइडेंटिफिकेशन स्पेशल होती है। इस प्रकार की न्यूज मुझे आज तक नहीं आई है, अगर आपके पास कोई उदाहरण हो तो कृपया रखने का कष्ट करें।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : आप पहल होम मिनिस्ट्री से कंफर्म कर लीजिये, नहीं हो तो मैं बता दूंगा।

श्री अश्विनी कुमार : कल तक तो होम मिनिस्ट्री आपके पास थी। आपने .... (**व्यवधान**) आज भी होम मिनिस्टर बैठे है वह कंफर्म कर दें। मैं एनलाइटन होना चाहूंगा।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : जो निर्दोष लोग मारे जाते हैं उनके बारे में सुबोध कांत सहाय जी मेरी एक स्पेसिफिक राय है—वहां पर फेक एनकाउंटर चाहे कहा जाये नहीं होता लेकिन पुलिस एट्रोसिटीज बहुत हो रही है। हाई लेबिल के पुलिस आफिसर्स हैं शायद उनको मालूम नहीं होता हो लेकिन लोयर लेविल पर करप्शन बेहद है। अभी मैंने 40–50 हजार की बात की लेकिन वहां करोड़ों की बात है। करोड़ों रुपया लोग इकट्ठा कर रहे है वहां पुलिस वाले। करप्शन हो रही है। एक्सटोर्शन से नहीं हो रहा है सिर्फ लोगों को पकड़ कर ले जाते हैं और पैसा लेकर छोड़ देते हैं। पंजाब के लोग पिस रहे हैं ब्रिटवीन टैरोरिस्ट एंड पुलिस फोर्सेज, पैरा मिलट्री फोर्सेज। इसके लिये कुछ करने की जरूरत है। मेरी एक राय है। आप जो एक एडवाइजरी कौंसिल या कमेटी बना रहे हैं वह बनाइये। जो भी आप करना चाहते हैं करिये। लेकिन एक आल पार्टी स्टेंडिंग कमेटी बनाईये और उस आल पार्टी स्टेंडिंग कमेटी के अंदर उन राजनीतिक पार्टी का कोई मेंबर होना चाहिए। जो पार्टियां जेन्युअन हैं। उन्हें मेंबर रखिये और वहां पर जितनी फेक एटकाउंटर्स, करप्शंस, निर्दोष लोगों को तंग करने के, मारने के आपके पास जितनी भी शिकायतें आयें वह उस कमेटी के पास जायें और उस कमेटी की फाईडिंग्स फाइनल हों। उसके पास एक्जीक्यूटिव पावर हों, वह जो वहां देखे उसके ऊपर एक्शन ले सके ताकि कुछ तो वह सही निर्णय ले सकेंगे तथा लोगों को कम से कम हौंसला हो जायेगा कि हम कहीं अपनी बात जाकर के कर सकते हैं। एक मेरी छोटी सी राय और है, शायद चतुरानन मिश्र जी को अच्छी न लगे। मैं सिख के नाते बता करता हूं, कांग्रेस के नाते नहीं। सिख के नाते मैं बात करता हूं कि सिख लड़कों को मार-मार कर, पीट-पीट कर आप यह मसला हल नहीं कर सकते, जो आज तक हो रहा है।

एक सम्मानित सदस्य : : कांग्रेस क्या करती थी ?

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : : सुनते नहीं आप। मैं कह रहा हूं जो आज तक हो रहा है। कई सालों से लड़कों के ऊपर जोर जबर्दस्ती की जा रही है, उनको मारा-पीटा जा रहा है। जब भी छूटकर बाहर जाते हैं तो क्या बनेंगे वह सिर्फ टैरोरिस्ट बनेंगे। एक छोटी सी मिसाल देता हूं। अभी 5-6 दिन पहले मैंने पंजाब के एक बड़े पुलिस अफसर को टेलीफोन करके बताया कि फलां लड़का पकड़ा गया है, उस लड़के को मैं पर्सनली जानता हूं पिछले 4–5 साल से कि वह टैरोरिस्ट नहीं है। अगर हो सके तो उसको आप छोड़ दीजिये। उन्होंने ब्यौरा दिया कि नहीं जी वह फलां टैरोरिस्ट के साथ पकड़ा गया, उसकी फलां गतिविधियां हैं और वह ठीक लड़का नहीं है आपको शायद पूरा मालूम न हो। मैंने कहा कि मैं 4–5 साल से जानता हूं इससे पुराना मुझे मालूम नहीं है कि उसकी क्या स्थिति है और 4–5 साल से वह निश्चित रूप से टैरोरिस्ट नहीं हैं। लेकिन अगर आप समझते हैं कि उसकी हिस्ट्री ऐसी है तो मैं नहीं कहता कि उसको छोड़िये। शाम को मुझे लड़के वालो का टेलीफोन आया कि हम कल शाम ही लड़का ले आये थे। आज सुबह मेरी बात होती है पुलिस अफसर से और शाम लड़के वालों से बात होती हैं तो पता चलता है कि वे कल शाम को ही लड़का ले आये थे। कैसे ले आये थे ? जैसे मैंने पहले कहा, आप समझते हैं इस बात को। यह वहां पर इस तरह का

[श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल]

काम हो रहा है। उच्च पुलिस अफसर कह रहे हैं कि यह लड़का छोड़ा नहीं जा सकता, टैरोरिस्ट है A Member of Parliament saying that I know the person for the last four-five years personally but he says, "no". लेकिन पहले ही वह लड़का छूटकर घर आ गया, फिर वह टैरोरिस्ट नहीं रहा। ऐसी हालत में इसीलिये मैंने वह सजैस्ट किया। लेकिन मैं जो दूसरी बात सजैस्ट करने जा रहा हूं कि आप उन लड़कों को बुलाकर संदेशा भेजकर आमंत्रित करिये कि कोई भी जो आदमी सरकार से बात करना चाहता है बात करे बिना किसी शर्त के। जब वह आपके पास आकर दिल्ली के अंदर बात करेगा तो कोई भी लड़का या कोई भी संस्था आटोमैटिकली जब डैमोक्रेटिकली इलैक्टिड, कंस्टीट्यूशनली इलैक्टिड गवर्नमेंट के साथ, प्राइम मिनिस्टर के साथ, मिनिस्टर के साथ बात करेगा तो इसका मतलब है कि He accepts the Constitution. He accepts the Government of India. इस वहम में मत पड़िए कि वह आकर कहेगा कि हम इंडियन कांस्टीट्यूशन को मानते हैं तो फिर आप बुलाएंगे। यह गलती हम करते रहे हैं। यह गलती आप मत करिए। बहुत से लड़के ऐसे हैं जो मेनस्ट्रीम में आना चाहते हैं लेकिन कोई रास्ता नहीं मिलता उनको कि वे किस तरफ जाएं और मेनस्ट्रीम में आ सकें। जो नहीं आते है उनके साथ आप जैसा चाहें वैसा बर्ताव करिए लेकिन जो आना चाहते हैं उनके लिए तो रास्ता बनाइए।

नहर बना दी जाती है, पानी छोड़ दिया जाता है। पानी को कहा नहीं जाता कि चलो भाई। जब नहर बन जाती है तो पानी अपने आप बहना शुरू हो जाता है। आप एक चैनल बनाइए ताकि लड़के आपके पास आ सकें लेकिन मुझे शक है कि सरकार यह काम कर पाएगी मैंने जैसा शुरू में कहा कि सरकार अर्नेस्ट नहीं है। सरकार की कोई पालिसी नहीं है पंजाब के लिए। सरकार के लिए पंजाब प्रायोरिटी नहीं है। सरकार पिछली दफा एक्सटेंशन लेकर सो गई। आई विश कि मैं उन सब बातों में गलत हो जाऊं और आप सब बातें सही कर दें। आप पंजाब के लिए प्रायोरिटी दीजिए, पंजाब के लिए अर्नेस्टी से काम करिए ताकि पंजाब फिर से मैनस्ट्रीम में आ सके और देश की और कौम की ऐसी सेवा करे जैसे वह अभी तक करता आ रहा है।

आखिरी बात मैं यह कहूंगा कि यह वही पंजाब है जो बावजूद इन सब बातों के हर साल आपको रिकार्ड फसल पैदा करके देता है। इस साल भी खरीफ का रिकार्ड उत्पादन उसने किया है, इसके लिए पंजाब के लोगों को जितना भी धन्यवाद दिया जाए वह कम है। यह फख्र की बात है कि इतने खराब हालात के बावजूद आज तक पंजाब में कम्यूनल फसाद नहीं हुए, हिंदु-सिक्ख दंगे नहीं हुए। अगर हिंदु गांव से निकले है तो शहर में बस गए हैं। शाबाश है उन पंजाबियों को जो इतने सालों से इतनी मुश्किलों में रहते हुए भी सावधानी से वहां रह रहे है और प्यार से रह रहे शाबाश है उन लोगों को जो इतना प्रोडक्शन करके देश को देते हैं। यह हमारा फर्ज बन जाता है कि, चाहे हमारी कांग्रेस सरकार ने गलतियां की हों या 9 महीने के अंदर आपकी सरकार ने गलतियां की हों, हम उन गलतियों को सुधारकर पंजाब का मसला हल कर दें।

मैंने पिछली दफा भी अपनी स्पीच इस बात से खत्म की थी और आज भी मैं इसी बात से खत्म करूंगा कि अगर आप पंजाब की समस्या हल कर देंगे तो आपकी गवर्नमेंट की लाइफ की लीज़ लंबी हो जाएगी। अगर आप यह प्राब्लम हल नहीं कर पाएंगे तो जैसे हमारी सरकार चली गई वैसे ही आपकी सरकार को जाने में भी बहुत देर नहीं लगेगी।

श्री कृष्ण लाल शर्मा: (हिमाचल प्रदेश उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं संविधान के 76 वें संशोधन विधेयक का समर्थन करने के

लिए खड़ा हुआ हूं । हमारी पार्टी का पिछली बार भी यह मत था कि राष्ट्रपति शासन की अवधि अगर हम बढ़ाना चाहते हैं तो उसे हम एक साल के लिए बढ़ाएं । राष्ट्रपति शासन की अवधि अगर हम 6 महीने के लिए बढ़ाते हैं तो जो उद्देश्य हम प्राप्त करना चाहते हैं वह पूरा नहीं होता । जब अल्प अवधि के लिए कोई बात सामने रखी जाती है तो न तो कोई नीति बन पाती है और न ही प्रशासन कोई मन बना पाता है ।

यह नयी सरकार जब सत्ता में आई तो उससे पहले लगातार 3 वर्षों तक पंजाब में राष्ट्रपति शासन रहा लेकिन जब इस सरकार ने यह इच्छा व्यक्त की कि अभी माहौल ठीक नहीं है इसलिए राष्ट्रपति शासन को और बढ़ाया जाए, संविधान संशोधन किया जाए तो हमारे कांग्रेस के मित्रों की राय यह रही कि राष्ट्रपति शासन 6 महीने से ज्यादा अवधि के लिए नहीं बढ़ना चाहिए । मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है । मैं आज भी अपनी पार्टी की तरफ से यह कहना चाहता हूं कि हम यह चाहते हैं कि पंजाब में चुनाव हो लेकिन चुनाव कराने के बारे में जिस सरकार को जिम्मेदारी लेनी है उस सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि जहां वह चुनाव कराना चाहती है वहां चुनाव कराने के लिए उपयुक्त माहौल वह बनाए । यह उसकी जिम्मेदारी है ।

मैं यह मानता हूं कि पिछले 6 महीनों में भी जो जेस्चर इस गवर्नमेंट ने दिया, प्रधान मंत्री स्वयं अमृतसर गए, एक सर्वदलीय कार्यक्रम बनाने की कुछ कोशिश की गई । उस में सभी लोगों को बुलाया गया । सिमरनजीत सिंह मान और अकाली मित्रों को बुलाया गया । सभी लोगों को बुलाने के लिए निमंत्रण दिया गया । उस के बाद भी कई कार्यक्रम दिए गए लेकिन यह मानना पड़ेगा कि जितने सकारात्मक प्रयोग किए गए, उनका ठीक पोजिटिव रिस्पोंस नहीं मिला । मेरे कांग्रेस के मित्रों ने भी इसमें निगेटिव रोल प्ले किया । एक आध मीटिंग में आएंगे, किसी में नहीं आएंगे और मिलकर जो रास्ता निकालने की बात करनी चाहिए उसमें इतनी अड़चनें डालते हैं कि उससे यह नतीजा निकलना स्वाभाविक है ।

मेरे मन में एक बात और भी काफी देर से बैठी हुई है । पंजाब के बहुत से हमारे अकाली मित्र चुनाव के बारे में बहुत आग्रह करते हैं और कहते हैं कि चुनाव होने चाहिए और उनको लगता है कि हम चुनाव का विरोध कर रहे हैं, बी० जे० पी० वाले कर रहे हैं या कांग्रेस वाले कर रहे हैं या बाकी लोग कर रहे हैं उन्हें लगता है कि वे चुनाव करना चाहते हैं और बाकी लोग चुनावों का विरोध कर रहे हैं । मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि पंजाब का इतिहास इस बात को फिर से दोहरा रहा है । जिस समय पंजाब में जरनैल सिंह भिंडरांवाले खड़े हुए थे उस समय सिख राजनीति में जो लोग थे या जो धार्मिक नेता थे, वे अगर हिम्मत के साथ खड़े हो जाते और उस समय हिंसा और हत्या की निन्दा करते, उनको धार्मिक स्थानों में संरक्षण न देते तो स्थिति यह न होती । आज मुझे फिर यही कहना है कि बड़ी अच्छी बात कही जाती है कि पंजाब के लोग खालिस्तान के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन आज भी पंजाब में जो अकाली नेतृत्व है, उसकी स्थिति क्या है ? समय के साथ अगर वे ठीक लाइन लेते हैं तो राजनीति में वे बैकग्राउंड में चले जाते हैं, उनको कोई नहीं पूछता या उनको फिजिकली ऐलिमिनेट कर दिया जाता है । ऐसे भी लोग हैं अकालियों में से जिनको फिजिकली ऐलिमिनेट कर दिया गया । हमारे सामने उदाहरण है सरदार हरचंद लौंगोवाल का या सरदार बलवंत सिंह का और बाकी लोग जो भी हैं वे खुलकर आतंकवाद की, अलगावाद की निन्दा करने की हिम्मत नहीं दिखाते हैं । उनको यह हिम्मत के साथ कहना चाहिए था कि आतंकवादियों को धार्मिक स्थानों में संरक्षण नहीं मिलना चाहिए । कोई माई का लाल ऐसा है कि जो पंथिक कमेटी की निन्दा करे ? वे पाकिस्तान में बैठकर हुक्म चलाते हैं । निर्दोष लोग मर रहे हैं । अगर पंजाब में सभी लोग यह नीति अपनाएं कि "प्रोटैक्ट दि इन्नोसेंट एंड पनिश दि गिल्टी" अगर हम इन्नोसेंट लोगों की रक्षा करेंगे और जो दोषी हैं, जो हत्या करते हैं, जो किसी प्रकार से अपराध करते हैं उनको दंड देंगे और उसमें हम सब एक साथ होंगे तो फिर स्थिति सुधर सकेगी ।

[श्री कृष्ण लाल शर्मा]

अभी हमारे विरोधी दल के नेता, जो अभी यहां नहीं हैं, ने कहा था कि कुछ बातें ऐसी होनी चाहिए जिन पर पार्टी के स्तर से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए सोचा जाए । मैं कहता हूं कि आज पंजाब के बारे में, उसकी समस्या को देश की अखंडता का सवाल मानकर राजनीति से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत है । अगर इसके बारे में हम सोचेंगे तो निश्चित रूप से हमें यह आभास होगा कि हमने जो गलतियां की हैं, उनको हमें सुधारना पड़ेगा । सरकार ने यह निश्चय किया है कि हम 6 महीने के लिए यह अवधि बढ़ाना चाहते हैं । हम इसका समर्थन कर रहे हैं । लोग बार बार मांग कर रहे हैं कि आप चुनाव कराएं और हमको कह रहे हैं कि आप नहीं मान रहे हैं । अभी मैंने कहा कि हम यह अवधि इंडेफनिट समय तक नहीं बढ़ाना चाहते हैं ।

मैं आज यह चाहता हूं कि सरकार ऐसी नीति बनाये जिसमें निश्चित रूप से हम 6 महीने के अंदर पंजाब का चुनाव करा सकें । हमारी पार्टी इसके लिए पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है । इसके लिए जरूरी होगा कि हम सिसेसनिस्ट्स और टेरेरिस्ट्स के खिलाफ एक डिसाइसिव एक्शन प्लान बनायें । हमें एक निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी जो अलगावाद के रास्ते चल रहे हैं या जो आतंकवाद के रास्ते पर चल रहे हैं उनके खिलाफ । यह कहा जाए कि बुलेट की नोक पर चुनाव नहीं होने चाहिए । बन्दूक की नोक पर खड़े होकर लोग वोट मांगेंगे तो यह स्वतंत्र चुनाव कराने का ढंग नहीं होगा ।

एक बात और मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिनों में और इस वर्ष में जो हत्याएं हुई है उसमें मेरे सिख भाइयों की हत्याएं ज्यादा हुई हैं । यह आंकडे बोल रहे हैं, मैं नहीं बोल रहा हूं । जो लोग मरे हैं, उनमें मैं आतंकवादियों की बात नहीं कर रहा हूं, सेक्योरिटी फोर्सेज के लोग काफी संख्या में मरे हैं उनकी बात भी नहीं कर रहा हूं । 1988 में 53.5 परसेंट सिख मारे गये । 1989 में 63.5 परसेंट सिख मारे गये 1 990 में 69.5 परसेंट सिख मारे गये हैं । आज भी मुझे दुख होता है यह कहते हुए और ऐसे उदाहरण हैं जहां हमारी सिख बहनों के साथ, महिलाओं के साथ अपमान-जनक व्यवहार किया गया । क्या यह सिख नेतृत्व का फर्ज नहीं है कि उनके खिलाफ आवाज उठाये, उनके खिलाफ बोले ? यह जिम्मेदारी तो सिख नेतृत्व को लेनी होगी कि जो गलत चीजें चल रही हैं उनके खिलाफ आवाज उठायें । वे लोग आतंकवादी को सरोपा देने चले जायेंगे लेकिन कोई निर्दोष सिख भाई मारा जाता है तो कोई बड़ा सिख नेता, कोई अकाली नेता उसके भोग में जाने के लिये तैयार नहीं है । मैं यह कहूंगा किसी में हिम्मत नहीं है कि वह वहां चला जाए । क्या यह स्थिति उचित है ? हमें दलों की सीमाओं से ऊपर उठना है । हम चाहते हैं कि पंजाब के अंदर 6 महीने के अन्दर चुनाव हों तो उन सब लोगों को सहयोग देना चाहिए जो पंजाब में चुनाव कराना चाहते हैं । मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि जो यह कहते हैं पंजाब में चुनाव कराना चाहिए किन्तु वह ऐसा व्यवहार करते हैं जिससे चुनाव न हो सकें । मेरा अनुभव यह है कि पंजाब में जब-जब चुनाव कराने की चर्चा करते हैं तब-तब वहां हत्याएं बढ़ जाती हैं । ऐसी स्थिति में चुनाव होते हैं तो आतंकवादी चुनाव में किसी को भाग नहीं लेने देंगे और यदि भाग लेने दिया गया तो अपनी इच्छा के मुताबिक जिसे वह चाहेंगे उसके लिए कहेंगे कि इसको वोट दो और लोग उसके मुताबिक वोट देंगे । मुझे लगता है हम ऐसा माहौल बनाएं जिसमें आतंकवाद और अलगाववाद एक तरफ और राष्ट्रवाद की सब शक्तियां दूसरी तरफ और हम सब मिलकर उनके खिलाफ लड़ाई लड़ें । मैं कम से कम अपनी पार्टी की तरफ से यह जोरदार अपील करना चाहता हूं कि हम सब लोग मिल कर ऐसा माहौल बनाएं कि 6 महीने में वहां पर चुनाव हो सकें इसकी तरफ ध्यान दें ।

एक बात और मुझे कहनी है कि अगर हमें पंजाब के माहौल को ठीक करना है तो पाकिस्तान के प्रति अपनी नीति को भी ठीक करना होगा । हम पाकिस्तान के प्रति नर्म नीति रख कर पंजाब के माहौल को ठीक नहीं कर सकते । हम 10–20 लोग मार देंगे और वहां से

शस्त्र आते रहेंगे, ट्रेंड लोग आते रहेंगे, पैंथर्स कमेटी के लोग पाकिस्तान में बैठकर उनका नेतृत्व करते रहेंगे, तो हमें कहना होगा कि यह हम बर्दास्त नहीं करेंगे। हमको पाकिस्तान को खुले तौर पर यह वार्निंग देनी होगी कि वह हमारे अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप न करे। नहीं तो हम भी कम से कम उन इलाकों में जो इलाके कानूनी तौर पर हमारे है, वहां पर पाकिस्तान को जैसा का तैसा जवाब देंगे। हमारी गवर्नमेंट को सख्त नीति बनानी चाहिये। दूसरे हमारे यहां आतंकवाद और अलगाववाद के लिये कोई नरमाई की गुंजाइश नहीं होनी चाहिये। मेरे दोस्त हंसपाल जी कहते हैं कि संविधान में बाद में मान लेंगे। इसी प्रकार हमें बड़ा भ्रम हो गया था कि सिमरनजीत सिंह मान संविधान को मान लेंगे, धीरे-धीरे लाइन पर आ जायेंगे, रास्ते पर आ जायेंगे। और इसलिये हम तो उनके सिर पर मुकुट रखने के लिये तैयार थे और एक गेम्बल, जुआ खेलने पर उतारू थे कि उनको मुख्य मंत्री बना दो और पंजाब में चुनाव करा लो। अब खुल कर सामने आ गये हैं और कहते हैं कि यू०एन० के सुपरवीजन में चुनाव हो। हमको एक सोवरन स्टेट चाहिये। ऐसी स्थिति में क्या सिख नेतृत्व का यह फर्ज है कि नहीं है कि वह इसकी निन्दा करे? सिख नेतृत्व क्या चाहता है यह एक बात है। लेकिन सरकार को ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ जो राष्ट्र और देश के बारे में ऐसे शब्द बोलते है सिडीशस स्पीचेज देते है, उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिये, उनके खिलाफ एक्शन लेना चाहिये। ऐसा न करने पर उनके हौसले बुलन्द हो जाते हैं और वे समझते हैं कि यह सरकार तो ऐसी ही है, जो मर्जी आये सो करो, कोई पूछने वाला नहीं है। इसलिये मुझे यह कहना है कि हमें ऐसा माहौल बनाना चाहिये कि पाकिस्तान के प्रति हमारी सख्त नीति हो, और आतंकवादियों के प्रति सख्त नीति होनी चाहिये। बाकी पोलिटिकल पार्टियों का भी यह काम है कि जो लोग यह चाहते है कि वहां चुनाव होने चाहियें, वे पोलिटिकल एक्टिविटी शुरू करें। इसमें रिस्क हो सकता है, लेकिन रिस्क लेकर ही कोई काम किया जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी अपनी पोलिटिकल एक्टिविटी जारी रखे हुए है। इसमें कुछ लोग मरेंगे। अगर कुछ लोग हमारे पंजाब को हिन्दुस्तान से अलग करने के लिये कुरबानी दे सकते है, तो हमें यह साबित करना होगा कि हमारे यहां ऐसे राष्ट्रवादी दल हैं, जो उनसे भी ज्यादा कुरबानी देकर देश की एकता और अखण्डता की रक्षा कर सकते हैं। इस तरह का माहौल बनाने की जरूरत है। हम उनको आइसोलेट करें, जो अलगाववाद और आतंकवाद फैला रहे है और सोवरन स्टेट की बात करते है।

मैं एक सुझाव यह भी देना चाहता हूं कि हमें पंजाब में एक कोर ग्रुप बनाना चाहिये और वह कोर ग्रुप केन्द्र में भी बनना चाहिये, जो हमें पंजाब की गतिविधियों पर नजर रखें और यह बतायें कि कैसे पोलिटिकल एक्टिविटीज को आगे बढाया जा सकता है और कैसे चुनावों का माहौल बनाया जा सकता है। मैं चाहूंगा कि सभी राष्ट्रवादी दलो को इस काम में सहयोग देना चाहिये, ताकि हम मिलकर चल सकें। इससे एक नया माहौल बनेगा।

एक और बात मैं कहना चाहता हूं। हमारी सरकार खुद मान रही है, कि हमारी सेक्योरिटी फार्सेस के पास जिस तरह के हथियार होने चाहियें, जिस तरह के इक्वीपमेंट होने चाहियें, वैसे नहीं है। हमारा इंटेलिजेन्स सेट अप भी कमजोर है। आतंकवादियों के इन्टेलिजेन्स सेट अप से वह मात खा जाता है। हमारे

[श्री कृष्ण लाल शर्मा]

पास मैचिंग आर्म्स नहीं है। ए०के० 47 जैसे सोफिस्टिकेटड आर्म्स आतंकवादियों को प्राप्त हैं। उनकी तुलना में हम सेक्योरिटी फोर्सेस को बेहतर आर्म्स दें। बेहतर आर्म्स देकर हम सेक्योरिटी फोर्सेस और इंटेलिजेन्स सेट अप को ज्यादा मजबूत कर सकते हैं। हां, अगर कहीं पर पुलिस एक्सेस की बात होती है, सेक्योरिटी फोर्सेस कोई नाजायज बात करते हैं, फेक एनकाउन्टर होते हैं तो इन शिकायतों की इंक्वायरी होनी चाहिए और जो गिल्टी हों उनको पनिशमेंट मिलना चाहिए। इस पर बहुत सोचने की आवश्यकता नहीं है। इंटरनेशनल फोरम पर भी अपने मिडिया को स्ट्रेन्थन करना चाहिए। पाकिस्तान के टी वी पर ऐसी बातें आती हैं जिनका विरोध किया जाना चाहिए। इंटरनेशनल लेवल पर आतंकवाद के खिलाफ और पाकिस्तान के खिलाफ हमें प्रचार करना चाहिए ताकि पाकिस्तान को एक्सपोज किया जा सके, उसको कोरनर किया जा सके, उसकी गलती को दुनिया को बताया जा सके। हमारा मिडिया इतना स्ट्रोंग होना चाहिए कि वे गलत प्रचार जवाब दे सकें।

मैं फिर अपने अकाली मित्रों से कहना चाहता हूं कि पंजाब में छः महीने के अन्दर चुनाव कराये जायें। यह मांग करना तो ठीक है किन्तु वे एक मिसाल वह कायम करें और कम से कम अपनी अकाली पार्टी का इलेक्शन करायें और एस जी पी सी का इलेक्शन करवायें। यह तो उनके घर का मामला है। जब वे करायेंगे तो उनको पता लग जायेगा कि इलेक्शन का मतलब क्या होता है, किस तरह से इलेक्शन होते हैं।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : शर्मा जी, एस०जी पी सी० का इलेक्शन सरकार कराती है।

श्री कृष्ण लाल शर्मा : वे मांग करें। जब वे पंजाब असेंबली के इलेक्शन की मांग कर रहे हैं तो वे यह भी मांग कर सकते हैं कि एस० जी० पी० सी० के इलेक्शन जल्दी करवाये जांय। यदि वे यह मांग करें तो मैं सरकार से कहूंगा कि पहले उनके इलेक्शन करा लीजिये। लेकिन हर एक चीज को हम लोग तंग नजरियों से न देखें। हम इसे इस नजरिये से देखें कि पंजाब के अंदर पिछले दस सालों से परिस्थिति बिगड़ी हुई है, माहौल बिगड़ा हुआ है, वहां पर हत्यायें हो रही हैं, हिंसा हो रही है, आतंकवाद बढ़ रहा है और इसको अगर रोकना है तो हमें इसके लिये कुछ उपाय करने होंगे। इसके लिए हम सब को मिलकर एक कलेक्टिव एफर्ट करना होगा। जो लोग इसमें साथ देना चाहते हैं उनका कोआपरेशन लेकर हम चलें और जो इसका विरोध करते हैं उनके विरूद्ध हम सख्त कार्यवाही करें।

इन शब्दों के साथ मैं फिर अपील करना चाहता हूं, मैं अपनी पार्टी की तरफ से यह अपील कर रहा हूं कि अब हमने अगर इसको 6 महीने बढ़ाया है तो हम पूरी कोशिश करें। हम इस पक्ष में नहीं हैं कि चुनाव हों और चुनाव के लिये फ्री एंड फेयर इलेक्शन के लिये जो उपयुक्त माहोल है, वह बनाना चाहिए। इसके लिए जब कभी कोई बात होती है कि डेट फिक्स की जाय, मैं बार बार कहना चाहता हूं कि परफेक्ट पीस, रेस्टोरेशन आफ नार्मलसी, इस डेट के पहले सरकार फिक्स करे। जब ऐसा हो जाय तो अगले ही दिन आप चुनाव करा सकते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन, अगर आप यह माहौल बनायेंगे, लोगों को इसी तरह से अंधेरे में कहीं फेंक देंगे तो चुनाव कराना लोगों के प्रति अन्याय होगा।

एक बात और कहकर मैं समाप्त करूंगा। इस समय काफी लोग ऐसे हैं जिनको मजबूरी के कारण, सरकार की गलत नीतियों के कारण, सरकार की विफलता के कारण अपने घरबार छोड़ने पड़े हैं। काफी लोगों को गांवों से शहरों में आना पड़ा है। इनमें हमारे सिख भाई भी हैं। काफी लोगों को पंजाब से बाहर आना पड़ा है। तो हम माहौल बनायें कि ये सब लोग अपनी जगह पर जा सकें और अगर चुनाव हों तो ये लोग अपनी जगह पर रहकर वोट डालें। यह माहौल हमें बनाना चाहिये। जब तक यह माहौल नहीं बनता तो ये लोग जहां-जहां पर भी हैं इनकी पूरी सहायता की जानी चाहिये, इनकी पूरी

मदद करनी चाहिये । यह सरकार का नैतिक कर्तव्य है । चाहे वे दिल्ली में हों चाहे बाहर हों, वे जहां कहीं भी हों उन लोगों के प्रति हम अपना नैतिक कर्तव्य निभाये और उनकी सहयता करें। मैं फिर इस संविधान संशोधन का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि सरकार 6 महीने में कुछ कदम ऐसे उठायेगी जिससे ऐसा माहोल बन सके और हम लोग पंजाब में चुनाव करवा सकें । मैं सभी दलों से अपील करना चाहता हूं कि हम सब लोग मिलकर इस बात के लिये माहोल बनायें और इसमें अपना सहयोग दें ताकि देश में आतंकवादी और अलगाववादी अलग-थलग पड़ जाएं तथा हम लोग राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा कर सकें और पंजाब में जल्दी चुनाव करवा सकें । धन्यवाद

SHRI S. B. CHAVAN (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, while participating in this debate on the Constitutional Amendment, I would say that the National Front Government, in fact, goes out of its way to repeat the same thing over and over again day in and day out that this is the solemn pledge given to the people of the country at large. Was it or was it not a solemn promise when they said that as soon as the National Front Government comes into power, they will see to it that elections are held in Punjab? The first Constitutional Amendment was passed last time and this House was solemnly assured that they will not come again for amending the Constitution. I appreciate Mr. Sharma's candidness when he said that the Bharatiya Janata Party holds the view that this kind of extension of six months is ultimately not going to serve any purpose.

[The Vice-Chairman (Shri Bhaskar Annaji Masodkar) in the Chair]

I do not know what the Government has to say this time also, whether these six months are going to be adequate or again they are going to come with a kind of Constitutional Amendment which we are debating today.

Sir, in fact, I would like to be very brief. That is why I am constrained to say that the very fact that the Minister of State is handling this issue of Constitutional Amendment, without meaning any disrespect to the hon. Minister who is handling this Constitutional Amendment, shows the casual way in which the matters are being looked into. The Cabinet Minister is not there. For that matter, now it has become very important that the Prime Minister himself should have come and explained to the House in view of the promise that he had given and the speeches that he had made. He went to Amritsar. He went to the Golden Temple in an open jeep and declared that he would be constantly visiting Punjab, going from village to village, and bring about a kind of change which he thought he would be able to bring about. He should have come and explained as to what exactly has happened. After the open jeep, now it has become the bullet-proof car. He cannot possibly go there. And that is why it had become necessary for the hon. Minister to come before this House, seeking an amendment to the Constitution.

Sir, I have heard all my predecessors speaking, and the point which was made by Hon'ble Member Mr. Bhatia. And I am in full agreement with him. What is the purpose of article 356? Is it for running the State Government from the Centre as long as you wish? Since you do not feel quite confident that the people of your liking, that the party of your liking is not going to be returned there, you would like to continue this kind of President's Rule. Is it the purpose of article 356? Article 356 can only be used against a State Government where the constitutional machinery has totally failed, and you cannot possibly rely on the State Government machinery who have not been able to abide by the Constitutional provisions. I am not prepared to exclude even the Congress Government. Please, for God's sake, try to understand this point. Unfortunately, we are not taking a national view in this matter. I am very happy that Mr. Sharma is now thinking in terms of national interest. Very good. Punjab issue is a national issue. There are some fundamental issues now with which this country is confronted. I do not want to remind you as to whether the other fundamental issue of secularism is or is not equally important. And if that be so,

[Shri S. B. Chavan]

then let us rise above party politics and try to solve the basic issues. Sometimes allegations are being made that the Congress Party is being invited and they do not contribute anything. In fact, I have not been able to understand what is this problem of consensus in which this National Front Government believes. Does it mean that you do not have any policy, but the other parties who are participating should evolve a policy for you? Is that the purpose? We expected that at least on major issues, you framed your own policy. In regard to Punjab, I am sorry to say that it is a policy of drift. You do not have any specific policy in regard to Punjab. Otherwise, you would not have taken matters so casually as you are doing today. Are you waiting for the time when Punjab becomes uncontrollable? Already, it has become very difficult and the time is not very far off when it will become extremely difficult.

4.00 P.M.

I do feel that it is a war of proxy which Pakistan is fighting on the soil of India. Hundreds and thousands of people have come to India. They are now free from the Afghanistan border. The Mujahideens, in great numbers, with very sophisticated weaponry, can cross over, come to Punjab and create a situation where it goes out of hand.

There are two kinds of people who are, in fact, not interested in having normalcy in Punjab. Out is the gang of drug traffickers and smugglers who are having a very fine time now. They can get away with any kind of crime they commit. Nobody is there to check them. They will never like any kind of border-fencing to be erected. My friend, Mr. Hanspal, was very correct when he said that only about 130 kms. of wire-fencing has been done and, may be, some 30-40 kms. of low-lying border-fencing has been done; the rest of the area is still open. Therefore, we would like to understand from the Government as to what is the Budget provision they have made. Are we going in a big way to see that those who are crossing the border are stopped from doing so? Are we doing anything of this nature? If we are not doing it, I am sure, you are going to face a tremendous situation in the very near future, irrespective of the party in power. Now, it has assumed such a proportion that if we do not pay serious attention to this problem, I am sure, it is going to become almost an insoluble problem. Are we going to wait till that time?

The hon. Member, Mr. Hanspal, was very correct when he said that throughout the period of terrorism, there have never been communal clashes between Hindus and Sikhs. A large number of Sikhs have sacrificed their lives. A number of Hindus have been butchered. A number of journalists, irrespective of party affiliations, have been killed. Certainly we should not go into this matter at all. A number of innocent people who have nothing to do with it have been butchered by the terrorists. But we are still trying to find fault with each other.

The question is, what have you done? How long this theory is going to be repeated? How long are you going to say that the previous Government did this and that this is the legacy that you have inherited? If this continues to be your explanation, I am sure, you are not going to succeed in finding a solution to the problem. If you want consensus to be developed on this matter, it is high time that we seriously consider, put our heads together and try to find out how best we can tackle it. According to me, the wire-fencing of the entire area is very important.

Secondly, you have to scrutinise the kind of bureaucracy which is working there. It has, in fact become very corrupt. This is one of the reasons why the Punjab situation is deteriorating and why many deaths are occurring. In fact, it is a matter of great concern to all of us that when so many people are being killed, nothing positives seems to be happening. One of the reasons is, not only a large number of innocent people are being killed by the terrorists, even the police personnel are also equally responsible for

creating this kind of a situation. The question is, how best we can weed out these elements who have become very corrupt and because of this, they are not interested in normalisation of the situation over there. So independent people, serious people who will be interested in creating normalcy in Punjab will have to screen the entire bureaucracy and weed out people who, in fact, have lived too long in that area and built up connection not only on this side but on the other side also. So, according to me, it is a total misuse of article 356; there is no doubt about it. I have known of cases where a number of Ordinances were being brought about, one replacing the other, but never getting converted into a bill, for three years, four years. These things have been going on and I will not be surprised if the same kind of thing happens in the case of Punjab also.

Punjab is going to be a very difficult problem. It is already difficult, but it is going to be still more difficult because, if by any chance, there be a conflict, God forbid, between the two neighbours then how are you going to get the cooperation of the local people? That is the main thing. Without the cooperation of the local people, things are going to be very difficult.

So my first point is fencing of the border. Second will be trying to seize unauthorised weapons that a large number of people are having in that area. And the third will be, have a kind of a buffer zone, try to enumerate, try to identify who are the people living in that buffer zone so that any intruders, any newcomers can be immediately identified and necessary action taken in the matter.

I fully believe that we must have very cordial relations with Pakistan. There is no doubt about it. With any of its neighbours, it is never in the interest of a country to have strained relations. We should develop very cordial relationship. Consistently for the last ten or twelve years, we have been seeing that Pakistan has been not only training these people, but they have also been providing weapons, they have been giving all the finances necessary. That is why it becomes necessary to review as to what we propose to do in this matter. Is it merely enough to say that diplomatically we have lodged our protest with the Pakistan Government? Merely lodging a protest has totally lost its effect. What is the alternative we have? We will have to do something so that people should feel that we are really sincere about it. It has to be some kind of a stringent action which will make Pakistan realise—and also those who are supporting Pakistan—that in fact this time Government of India seems to be serious in this matter. This is a kind of debate in which every one of us will have to apply his mind, where we consider that a time has come when we will have to think whether some diplomatic exchange of protest is enough, or something more needs to be done. And if it be more, then to what extent we would like to go is a matter to which everybody will have to seriously apply his mind and come to a definite conclusion, because Pakistan should be made to realise that they cannot continue this kind of war by proxy for a very long time. We have had enough of trouble on this score and adding to this, they have also started the same game in the case of Jammu and Kashmir. So it is high time that we consider this matter seriously, try to find out how best we will be able to present a picture which will be credible. You have lost credibility unfortunately. I am sorry to say this that I now have a feeling that you have lost credibility. And once you lose credibility and if neighbouring countries were to get the impression that you are following a weak-kneed policy, then, of course, whatever you may say, it will not have any impact. That is ultimately the analysis which, unfortunately, we will have have to accept. How to change this is the main thing, to which every one of us will have to apply his mind. I would ask the honourable Minister if he is going to give an assurance, again on the floor of the House, that he does not propose to bring in another amendment of the Constitution after the next six months. If that is the position, then, certainly this will be the last chance, the last opportunity...

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR (Uttar Pradesh): Provided they are there for six months.

SHRI S. B. CHAVAN: Then we would like to give them another six months, but don't follow the same policy which you have followed in the previous six months. You got the extension and, as Mr. Hanspal has pointed out, you slept over the matter and did nothing.

DR. Z. A. AHMAD (Uttar Pradesh): It should be the last chance.

SHRI S. B. CHAVAN: I hope so. ...(*Interruptions*)...I am not very sure about it. But, ultimately, it is for the Government to come out by saying, we propose to take these steps. Merely your statement, "I will not come for amending the Constitution" is not enough. You have to spell out what are the measures you propose to take within these six months and where you would like to have the support and cooperation of all the political parties.

I would appeal to all the political parties that irrespective of party affiliations—forget the party affiliations—be one with the Government in order to see that Punjab is brought back to normalcy and the people of Punjab are able to enjoy the mainstream as every other part of the country has been doing.

Thank you, Sir.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak against the Constitution (Seventy-sixth Amendment) Bill because its aim is to extend the President's rule in Punjab by another six months.

Before we consider extending the President's rule by another six months, we should examine what has been achieved in the last six months. If you were to look at what we have achieved in the last six months, you will find that the situation has worsened. In the figures provided by the Punjab Administration dated September 27, 1990 there have been 1,600 civilian lives lost, which include 305 security personnel. 829 terrorists have been killed, but 264 of them have been killed in inter-gang warfare, and 1,323 arrested. With regard to the figures in 1989, the average killing was 97 per month. It was not that small, but it has now reached in 1990, up to date, 178 per month. Kidnapping has increased and militants are concentrating on the relations of security officers in order to get their own terrorists released. There have been 120 cases of bom explosions wherein 110 people have been killed and 512 have been injured. So, if the situation today is that you are finding it difficult to hold elections now. In the next six months, what have you decided to do to improve it? I am sorry I have to say that I told you so. The last time it was decided by the Government to ask for six months' extension, I in the Rajya Sabha was the single person who objected to it and voted against it. It gives me no satisfaction to say that I told you so. But the facts are there. Therefore, by asking for another six months' extension, how do you think that the situation will be improved. If it has not improved now it is not likely to improve in the next six months.

Regardless of what our hon. Member, Sharmaji, might have said about getting together to be able to evolve something, this has been going on for four years and political parties have never been able to get together and evolve something. Under the present circumstances I cannot see them getting together and evolving something. In fact, let us be honest that one of the reasons of the trouble and estrangement that came about in Punjab was the policy of the BJP and other, I should say, Hinduised parties which refused to accept Punjabi as their mother tongue. The next thing that has caused the problem in Punjab is the unprincipled methods of Congress of trying to divide the Sikhs and the Hindus in order to win their elections. These things happened some time ago. Then they tried to put it right by President's rule. The four years of President's rule have proved that things are getting from bad to worse.

We all agree that the police is responsible for a certain amount of killing of innocent people and also extracting, extorting money from people and bothering them by threatening to put them in jail. In fact, many people have been put in jail during the last six years or four years,. Many of those have been found totally innocent. No guilt has been established against them, and they had to be released. Are you going on with this police raj? Hon. Member, Mr. Chavan, himself has said that the police has been corrupt. So, with whom are you going to carry on the Government? Have you got any instrument of governing left because to be quite honest it is not the Governor who is governing, but it is the Director-General of Police in Punjab who is governing? He is possibly the most unpopular among the Sikh community. He ruffles their hackles, and they are totally fed up with him. But you find it extremely difficult to change him because you do not know what will happen in Punjab if he goes. So, that is the situation

By extending the President's rule, you are certainly not going to improve the matter. I do not know why you want to extend it. You have got to face the situation sooner or later.

You make a start now or even call it a gamble. I hink it is worth making a gamble and starting the democratic processes rather than waiting for another six months and hoping that something will drop from the heaven. Nothing is going to drop from the heaven. I can assure you, whatever my worthy friend, hon. Mr. Sharma may say, the method he has suggested that you can have elections only if things are absolutely back to normal, if you follow that, then, I am afraid the country is in for continued violence, increased violence which may end up in a very unhappy situation.

I am sure that you are aware of it that some of the militant ganges, in the last six months, have got together under the so-called Panthic Party of Dr. Sohan Singh. That is the reason why, helped by Pakistan much more than before, by getting together they are able to call the tune in three districts which are the border districts. Not only that, in the statement again given by the Punjab Government, the situation has started worsening in certain areas of Doaba and Malwa also. I think we have got to really do some serious thinking if we are going to carry on for another six months.

The hon. Members have talked about having an advisory council. I have attended meetings of the Advisory Committee or Council or whatever you call it, during the Congress Raj. Everybody used to get up and talk about his party; how good they were and what wonderful work they were doing sitting inside the room, mind you. Otherwise the blame was put on the Government or on the other parties. This will keep on happening because we cannot change. The politicians cannot change because they cannot let down their own party. It is their bread and butter. To rise above it and think of national views point normally is not possible for them because I find the politicians are not very good at it. In fact, if I may say so, most of us feel 'what is good for me is good for everybody else'.

DR. Z. A. AHMAD: You have also become a politician.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Well, I might be. I am not going to turn round and say that I am not, but I am hoping that I am only a Parliamentarian and not a politician. Here, I would also like to mention that we have been

[Sardar Jagjit Singh Aurora]

told again by the Punjab Government that today there are 225 hard-core and 903 non-hard-core militants. I am also told that politically motivated extremists are about 15 to 20 per cent of the total strength. The rest of them are smugglers, normal criminals and drug traffickers. So, please see who are the people who are doing the major amount of damage.

We also find that in the six months certain number of schemes and programmes have been drawn up to find one lakh jobs for the young people of Punjab. Another scheme was drawn up for 10,000 jobs for the young unemployed living on the border areas. What has happened so far is this. For the training camp for the border areas, which is going to start, 710 youths were instructed to join. 480 youths have already joined. As far as the progress is concerned, I am told it is very little. It cannot make any impact. Therefore, are we really right in asking for six months's extension?

I am not talking about what should be done for the future, because I think there is going to be a discussion tomorrow again, when the next part of this extension Bill will come up, After going through all this I can only say that we are just borrowing time hoping that something would turn up. I cannot see anything on the horizon, which promises that things are going to get better. I would still beseech, let us face the music and take the plunge now and hold elections. It can be held. I am absolutely convinced that it can be held today. The things will not be normal, but we have now been dealing with an abnormal situation for four years which has been deteriorating all along. If you are going to wait for its becoming normal, I think you will be waiting till the doomsday.

SHRI KAPIL VERMA (Uttar Pradesh): Thank you very much for giving me an opportunity to express my views on this very important issue which I think is above politics as a very senior colleague of ours has just pointed out. Therefore, I support this Bill, though with some pain and anguish. In the larger national interests I am supporting it. Otherwise I am convinced that this Government is not serious at all about solving the Punjab problem It is only drifting. The Government has not applied its mind properly just as it is not trying to solve at all the problem of Kashmir or Assam or the problem of shortages or the problem of high prices. The Government is only interested in sticking to the chair at all costs and devising all kinds of means for it and to divert the attention of the people through controversies like the one regime on Mandal Commission. I would like to point out that when the Prime Minister, Mr. V. P. Singh took over he said that the Congress is responsible for the deterioration in the situation of Punjab and this problem can be solved within 15 days—I still remember vividly—given proper political will and capacity. He went to Punjab in an open jeep in Amritsar but after that he went to sleep. Nothing was done after raising high hopes among people. Later on it was found that those hopes were only illusions and nothing came out of it. That euphoria died down. A Constitution (Amendment) Bill came in last March. Of course, it was the same fiasco in the Lok Sabha which we have seen only a few days ago, on the 1st October. The Government which talked about it so seriously was very casual. This creates doubts whether it will apply its mind seriously in framing a workable real policy on Punjab in future even though we are passing it today. May I point out that the situation has deteriorated? The General has just now given us some figures. The Prime Minister had committed at the time of the passage of the last Constitution (Amendment) Bill that was definitely going to be the last extension of President's rule. Now a request for another extension has come and I do not know whether he will ask for another extension of President's rule after six months. The situation has vastly deteriorated. I am not going to repeat those figures be

cause I am also in a hurry to conclude my speech. Well, one point that stands out is that when Barnala was dismissed in May, 1987, and President's rule was imposed, about 50 to 70 killings were taking place every month. Now it is 2000 or 1700 killing during last six months. I do not know whether it is correct or not but the General has given this figure. It is really quite a big figure. There were 500 AK-47 rifles with terrorists some six months or eight months ago. Today there are 1700. The Governor of Punjab Mr. Virendra Verma has admitted at a press conference while addressing the Press Club at Madras that earlier the terrorists were operating only in the border districts but now their writ runs large over the whole of the State. Mind you he used the words "normalcy only in day time." So when the Governor says so, who was a respected Member of this House, who is honest about his job, then, we can understand what great deterioration has taken place in the last six months during Mr. Vishwanath Pratap Singh's regime. It is amazing that in these circumstances, the PAC resolved to hold the elections immediately without analysing the whole situation whether elections can be free and fair at all. Then the parties supporting him—his crutches—protest and then he suddenly slides down and then tries his cheap tricks by having an exchange of letters with the Congress (I) President. He was trying only to shift the responsibility or the onus of changing this decision over to the Congress but of course he failed and then followed the fiasco you have seen about the Constitution Amendment Bill. Sir, I will quote Mr. Surjeet, the CPM leader. He knows much more about Punjab than I know and he has very plainly admitted certain stark realities. I am quoting from an article written on 17th September, only last months and published in the '*Hindustan Times*". It has been written in his name. It cannot be a misquotation because it is a regular article written by him, published on the editorial page just besides the editorial. He says: "Had the Government done its duty in solving the Punjab problem, the situation could have been created for holding free and fair elections. But unfortunately the Government pursued its own game of surrendering before the terrorists instead of fighting them." What greater testimony you want about the Government's failure? In the next paragraph he says, "The Government has been making use of the so-called Sikh psyche to pursue its present politics, though all the major political parties in the country have taken a stand against extremists." This is from no less a person than Mr. Surjeet, the CPM leader, who knows things. Sir, as has been pointed out, and General Aurora, was talking about Panthic Committee. There are two Panthic Committees. Our friend, Mr. Sukomal Sen—I will not repeat what he has said—has already given the details but the main point is that the two Committees headed by Mr. Sohan Singh and the other by another fellow, Mr. Manochahal, both are operating from Pakistani soil. I am saying this, in the larger interest, why I am supporting this Bill is, my own fear is that they in collusion with the terrorists who are functioning in Punjab are going to create a difficult situation for us. What is going to happen exactly in the next elections if we hold the elections is that terrorists will capture the booths. Unless we improve the situation, unless we solve the problem, unless normalcy returns, there will be no use of holding the elections. For in that case Assembly elections will take place and the people will go to cast their votes but they will be casting their votes under their blackmail at the dictates of the terrorists. There will be an Assembly but it will be completely dominated by terrorists and as there is an agreement between the Panthic Committee of Mr. Sohan Singh and the group led by Mr. Mann, they will pass a resolution declaring independent Khalistan. There will be international implications. They will ask for recognition from other countries with so called people's mandate behind them. There will be international hue and cry like you are having about Kashmir. Then a very embarassing situation will be created, a very dangerous situation will be created for us. So even if we are convinced that this Government is incapable of solving this problem, in larger national interest, the House has to pass this Bill because it is in the national interest and it is in the interest of our country that we do not hold elections just now. It is the duty of all political parties to try

[Shri Kapil Verma]

to solve this problem. We must get together and try to devise ways and means but the Government has greater responsibility because you are the Government We must be told about the package of measures you have in mind. How do you propose to solve the problem, what change you want to bring about in six monhs. what measures exactly you are going to take to improve the situation and create conditions so that normalcy returns to Punjab. I am just finishing. What exactly you are going to do, that we want to know. To talk about Shri Vishwanath Pratap Singh's promises is meaningless because he goes on changing his stand every day. He has said the other day, "we will announce the dates of next election while having the extension of President's rule." It has not been announced. I hope he will be announcing it at the time of the resolution or whatever it is. But we want to know the definite dates and what solution he has in mind and as I said, what is important is that if there are any vested interests in Punjab, Bureaucracy working against normalcy and elecitons, they must be broken. There is a lot of talk about bureaucracy standing in the way. There is a lot of talk about corruption. There is a lot of talk about excesses against young men, Sikh young men. All that must be looked into it and eliminated. What is most important is that all parties must put their heads together and find a solution to Punjab problem because Punjab is a very very imporant question for India's survival as a great nation Punjab problem must be solved and we must ensure that normalcy returns and for this Congress Party has always offered its hand of cooperation. But this Government must decide on its own policy, what policy it is going to follow and how it is going to solve it We must know about it first. Thank you.

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : (नाम निर्देशित): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय मैं किसान हूं खेती करता हूं और नान पालिटिकल किसान आंदोलन से जुड़ा हुआ हूं । पंजाब में रहने की वजह से और पंजाब में गुरूदासपुर बटाला शहर में रहने की वजह से जिस समस्या से आप सभी लोग चिन्तित हैं मैं भी उस पीड़ा से घिरा हुआ हूं । पंजाब राजनीतिक आर्थिक भ्रष्टाचार की स्थिति में फंसा हुआ है । जो वहां रह रहा है उसकी पीड़ा उसको पता है । किसान गम्भीर समस्या में फंसा हुआ है । किसान का मन जो सोचता है वह और ढंग से सोचता है । जिस परिस्थिति में वह रहता है वैसा ही सोचता है । वह सोचता है कि जो घर बनाने के लिए सन् 1967 में ईंटें लेता था एक क्विंटल गेहूं में 1500 ईंटें आज उसको उस एक क्विंटल गेहूं में सिर्फ 300 ईंटें मिलती हैं । वह झुंझला उठता है जब वह देखता है कि पहले उसको एक क्विंटल गेहूं से 88 लीटर डीजल मिलता था जबकि आज उसको सिर्फ 48 लीटर डीजल मिलता है । जब ट्रैक्टर लेने की बात सोचता है तो पहले उसको इस एक ट्रेक्टर के बदले 287 क्विंटल गेहूं देने पड़ते थे लेकिन आज उसको 650 क्विंटल गेहूं देने पड़ते हैं । एक साइकिल के लिए भी उसको पहले से तीन-चार गुणा गेहूं देना पड़ता है । इस ढंग से उसकी पैदा करने वाली चीज का खर्च भी बढ़ गया है और इसी कारण उसकी आर्थिक हालत कमजोर हो गयी है । वह नाराज है वह दुखी है, तड़प रहा है, वह सोच रहा है क्या करे । उसको समझ नहीं आता । सन 1984 में चंडीगढ़ में एक ऐतिहासिक पंजाब भवन का किसानों ने मिलकर घेराव किया था । वहां एक जोहल कमेटी बनी थी उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि कम से कम 10 साल से ज्यादा समय हो गया है किसान की इकोनोमी को स्किवज करते हुए । जब तक उसको यह नहीं दी जाती तब तक उसकी हालत बिगड़ती ही रहेगी । किसानों का पंजाब है । उसकी ईकोनोमी को इस ढंग से स्क्विज किया जा रहा है कि वह दूसरे ढंग से सोचता है । आप सभी को पता है वहां अग्रेशन होते रहे हैं । कभी गौरी आया तो कभी गजनवी आया और कभी बाबर आया । वे आये हमला करके लूट कर ले गये ।

श्री शंकर दयाल सिंह : सिकन्दर के टाइम से ...

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : : मैं किसान के सीधे-सादे मन की बात करता हूं । वह जब अपने आप उस समय से आज का मुकाबला करता है तो सोचता है कि उस वक्त अनाज हमारा ऊंटों पर लेने आते थे, लूटने आते थे । ऊंटों पर अनाज को लाद कर ले जाते थे । आज लूट रहे है स्पेशल ट्रेन्स में । उस वक्त सोचते थे कि धन लुटता था खच्चरों पर, लेकिन आज धन बैंकों से लुट रहा है । बैंकों से इंवेस्टमेंट नहीं हो रही है । जब इज्जत की बात होती है तो वह सोचता है कि उस वक्त स्वाभिमान दरबार साहब में बम रख कर उड़ाया जाता था, आज दरबार साहब में टैंक रखकर उड़ाया जाता है । वह सोचता है कि रिप्रेशन उस वक्त भी थी और आज भी है । उस वक्त 20 रुपये में सिर का मोल था तो आज लाख लाख रुपये की बात होती है । किसान का साधा साधा मन इस ढंग से सोचता है । उसको फर्क इतना ही लगता है कि पहले लूटने वाले पश्चिम की तरफ से आते थे और आज पूर्व की तरफ से उसको स्क्वीज किया जा रहा है । उसके इस मन को बदलने की जरूरत है । हमें यह सोचने की जरूरत है कि वहां आज क्या हो रहा है । वहां के बच्चे डर के मारे घरों से भाग रहे हैं । पुलिस में पिटाई इतनी ज्यादा है, रिप्रेशन इतना ज्यादा है कि अगर किसी का एक बार इंटरोगेशन होता है तो दुबारा वह पुलिस के पास नहीं जाता है । इंटरोगेशन से हम सही समझते थे कि पूछेंगे कि क्या हुआ है और क्या नहीं हुआ है । लेकिन आज तो उसको उल्टा किया जाता है और इतना टार्चर किया जाता है कि जगह-जगह से काट कर उसमें मिर्च डाली जाती है और क्या नहीं किया जाता है । इस टोरचर से बच्चा समझता है कि घर से भाग जाना ही अच्छा है । अगर वह पकड़ लिया जाता है तो मार दिया जाता है तो यह तो एनकाउन्टर है । लेकिन ये बातें छिपी नहीं रहती हैं, जंगल की आग की तरह फैलती हैं । इसके प्रूफ भी दिये गये हैं । कोटला-खन्ना में ऐसा ही एक एनकाउन्टर हुआ । उसका प्रूफ भी दिया गया कि वह एनकाउन्टर नहीं था । बच्चे को पकड़ा गया और रात के 11 बजे मार दिया गया । लोगों ने देखा । गवर्नर श्री वीरेन्द्र वर्मा ने एलान किया कि इसको हम टेस्ट केस के तौर पर लेते हैं । तो सोचा गया कि इसमें मदद करनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके । सच्चाई सामने आ गई, फिर भी कहा गया कि इसमें कुछ नहीं कहना है क्योंकि पुलिस डिमोरेलाइज हो जाएगी । क्या पुलिस में वर्दी पहने हुए कोई इस तरह के काम करता है तो कुछ नही कहना होगा । असल में जो पुलिस की वर्दी में नहीं है और अनलाफुल काम करता है तो वह पुलिस को डिमोरेलाइज नहीं करता है ? हमें सच्चाई को देखना होगा । उसके लिए व्यवस्था पैदा करनी होगी । मोहाली में ऐसा ही हुआ । वर्मा जी ने अपनी आंखों से देखा । लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ । कथू नांगल में पांच गावों के लोग इकट्ठा हुए वहां पर बढ़ों को टोरचर किया गया । गुरदासपुर की 80 पंचायतों के 80–80 और 90–90 साल के पंचों और सरपंचों को सताया गया और जो 40 सालों से मुखिया बने हुए थे उनकी बेइज्जती की गई और उनको नंगा करने तक की बात की गई । इस तरह का ह्यूमिलिएशन किया जा रहा है । अगर वहां के सीधे-साधे किसान के मन पर इसका प्रभाव पड़ता है तो इसमें किस का कसूर है । हमें मार-पीट का रास्ता छोड़ना चाहिए । इसमें उनका कोई दोष नहीं है । उसको प्यार से समझाने की जरूरत है । हमें व्यवस्था को ठीक करने की जरूरत है । पहल किसी को तो करनी होगी । सिविल एडमिनिस्ट्रेशन में डंडों का राज हो गया है । पंचायतों के सिलसिले में भी यही स्थिति है । डिप्टी कमिश्नर को बदल दिया गया लेकिन एस.एस.पी. को कुछ नहीं कहा गया । अब भी वहां डंडे वाले इतने ज्यादा आंकड़े हैं, सिविल एडमिनिस्ट्रेशन में कि वहां बहुत मुश्किल होती है । अब यहां अगर हम यह समझें कि कोई बीमार है, उसके पेट में दर्द हैं, वह तड़फ रहा है, तो तड़फते हुए मरीज को अगर हम यह कहें कि इसको चारों तरफ से दबाकर रखें और तड़फना इसका बंद कर दें तो क्या यह ठीक है ? ठीक है कि कुछ देर ऐसा लगेगा जब जोर से पकड़ कर रखेंगे कि उसका तड़फना बंद

[श्री भूपेन्द्र सिंह मान]

हो गया लेकिन तरह से क्या हम उसकी पीड़ा को बंद कर रहे हैं? हमें उसकी पीड़ा को बंद करने के लिए उससे बात करनी होगी कि तुझे मुश्किल क्या है। इसके लिये यह जरूरी है कि हमारी जो लोक राजी कद्र-कीमतें हैं उनको बहाल रखते हुए वहां फौरी तौर पर इलेक्शन करवायें ताकि वे लोग अपनी पीड़ा को अपने लोगों से कह सकें, अपनों से बात कर सकें। यह बात नहीं है कि वहां पर इलेक्शन नहीं हो सकता है। मैं पंजाब में इलेक्शन करवाने के हक में हूं। वहां पर अभी इलेक्शन होने चाहियें। मैं इस अमेंडमेंट बिल का विरोध करता हूं। लेकिन साथ ही यह कहना चाहता हूं कि इलेक्शन भी इसका हल नहीं है। जो दो महीने के बाद इलेक्टेड बाडी आयेगी क्या उसको आप तोड़ देंगे और तोड़कर फिर यह कहेंगे कि हम चार सालों के लिये प्रेसीडेंट रूल लागू करने वाले हैं। क्या ऐसी स्थिति में, जो असल में नाराज हैं, जो असल में तड़प रहे हैं, तो जो तड़पता हुआ मरीज है वह अपनों को भी टांग मारता है, वह डाक्टर, जो टीका लगाने वाला है उसको भी गाली देता है और जो दवा देने वाला है उसके प्रति भी वह गुस्सा होता है। जो बीमार है, जो बीमारी से तड़प रहा है उसकी जो कराहें हैं उनको सुनिये। इसको देखिये कि उसकी मुश्किल क्या है। वहां एकानामिक मुश्किल से बढ़कर रिलीजियश मुश्किल हो गई, वहां पर सोशल मुश्किल हो गई है। वहां पर सभी मुश्किलें मिलकर बड़ी कम्प्लीकेटेड हो गई है। आप इनको जितनी देर आगे चलाते रहेंगे उतनी ही ये और कम्प्लीकेटेड होती जायेंगी। इसलिए मैं आपसे कहूंगा कि वहां पर इस वक्त जो भी फौरी चीजें चल रही हैं उनके मुताबिक आप वहां पर ध्यान दें। वहां पर अभी धान की बहुत मुश्किल है। किसान बिफरे-बिफरे फिर रहे हैं, मारे-मारे फिर रहे हैं। इसलिए बड़े ढंग से उनके गुस्से को, उनकी नाराजगी को, उनकी भावना को हमें समझना होगा। पंजाब की समस्या में किसानों की समस्या बहुत बड़ी समस्या है। इसलिए वहां पर उनसे बात की जानी चाहिए। जो नाराज हैं जो दुखी हैं, जो तड़फ रहे हैं, यह कहना कि हम उनसे किसी तरह की बात नहीं करेंगे यह ठीक नहीं है। सरकार को फौरी तौर से उनके साथ बात करके मसले को हल करना चाहिए और फिर इलेक्शन तो एकदम करवाने चाहिएं। इन शब्दों के साथ मैं इस अमेंडमेंट का विरोध करता हूं और आपसे इजाजत चाहता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR). Now, Mr. Gurudas Das Gupta.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I must say that the speeches that have been delivered by the honourable Members from Punjab have been totally disappointing. The way the honourable Member just now argued was, in fact, virtually holding a brief for terrorism in Punjab. After all, आप लोग डंडा राज का सवाल उठा रहे हैं। लेकिन गुंडा राज के बारे में आपका बोलना क्या है? बोलिये। डंडा राज हम जानते हैं हम जानते हैं कि प्रेसीडेंसियल रूल में डंडा राज होता है, पंजाब में भी होता है। उसमें अबेरेशन जरूर है। लेकिन मेहरबानी करके बोलिये कि What about the comrades belonging to our movement who have been shot dead by the terrorists in Punjab? Most unfortunately, there has been no condemnation of the violence that is being perpetrated in Punjab. This lukewarm attitude of the political leaders is one of the reasons for the continuation of the crisis in Punjab. This is only soft-pedalling. The way General Aurora was speaking, the way other friends have been speaking, only shows that they are soft-pedalling the issue and problem of violence in Punjab.

Sir, I do not deny that the peasants in Punjab do have their own problems. The problem of underpayment, the problem of underpayment of prices, the problem of so-called arbitrariness of the banks, all these are there and they are all there throughout the country. If it is a reason for taking to terrorism, then that is the reason, that can be the reason, for the people of Bengal for taking to terrorism also. Therefore, there can be no popular 'isms' which can be cited as the reason for taking to terrorism. Therefore, I dissociate myself from the subject that is

sought to be delivered here by our hon friends.

At the same time, Sir, I believe that the suspension of democratic process can not be considered to be the logical, practical and political method of ending a problem as it exists in Punjab. Even those who had framed the Constitution, the fathers of the Indian Constitution, had believed that here should be and there can be the necessity of resorting to successive doses of President's rule in any part of the country. By withholding the democratic process, by denying the democratic right to the people, you cannot bring them back to the political mainstream of the country. Whatever might be the aberration, whatever might be the dose of violence, I only believe that it is the democratic process which ultimately can bring them back to the mainstream. And by saying so, I definitely agree that there are aberrations. There are aberrations of President's rule in Punjab. Whether or not this is police raj, that is for the people to say, because I do not have the first-hand information. But I do say there are serious complaints about police excesses, and his Government has not looked into it. The present Home Ministry is behaving in the same way the old Home Ministry had behaved.

बूटा सिंह जी ने किये थे, हमारी यह मिनिस्ट्री वैसे ही कर रही है।

The way Mr. Buta Singh had handled Punjab, the are handling it in the same way. There are innumerable problems that have not been attended to—innumerable problems. And these innumerable problems have been allowed to pile up. If the popular grievance of the people is not looked into, then there is bound to be a problem. The prbolem is bound to multiply. Therefore, this Government can also be accused of acting in an irresponsible way with regard to Punjab.

Sir, there was a new beginning. The Prime Minister had gone there. The appointment of a political person as Governor had definitely created new hopes. But I must confess, Sir, the trend that began with the visit of the Prime Minister to Punjab was not continued. This Government had shown political initiaive at the beginning, but in the second phase the Government had acted in a different way. Therefore, I accuse this Government also of political inaction, of not showing their political earnestness, of taking to the same position as the previous Congress Government.

Therefore, while saying so I say that let it be the last extension of the President's rule. And I make it clear that if the Government comes out with a suggestion of extending President's rule further, for the second time, we are going to oppose it. We shall not agree to a further extension of President's rule in Punjab. While saying so, I make this point clear that restoration of so called democracy, as the spokesman of Bhartiya Janata Party has said, cannot be taken as a pre-condition for holding election. Under the plea of absence of normalcy, nobody has given the Members of Parliament the right to continue President's rule in Punjab for all times to come. Therefore, let it be the last act of extension. Let this be the last act of signing of death warrant of democratic principles, democratic process, even for the time being in Punjab.

Lastly, Sir, I call upon the Government not to seek any further extension. Government must come out with renewed vigour and initiative. After this extension the Government must move. Government must take the people of Punjab into confidence. Government must initiate a dialogue. Government must create a situation in which elections can take place before the expiry of six months. This is my suggestion to the Government. I believe that this Government shall show that political wisdom. Otherwise, our party will not be in support of extension of Presidential rule next time. Thank you.

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, पंजाब की समस्या पर जो संविधान संशोधन विधेयक लाया जा रहा है, और 6 महीने का समय पंजाब में चुनाव कराने के लिए चाहिए, उसके लिए सदन की स्वीकृति लेने का प्रस्ताव है, उसका मैं समर्थन कर रहा हूं, लेकिन समर्थन इस शर्त के साथ कर रहा हूं कि यह सरकार एक ऐसे

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

प्रधान मंत्री के नेतृत्व में काम कर रही है जो नीतिविहीन, दिशाविहीन, कार्यक्रमविहीन और सब से बढ़ करके संकल्प-विहीन, राजनीतिक इच्छाशक्ति-विहीन, भावनाओं से ओत-प्रोत है। उसके बाहर उसका कोई अस्तित्व नहीं है। अपने चुनाव घोषणा-पत्र में जनता दल संयुक्त राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार के लोगों ने कहा था कि हम वहां पर विधान सभा चुनाव करायेंगे। राजीव गांधी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार चुनाव कराने को उद्यत हुई तो पंजाब में लोक सभा के चुनाव हुए। इतना ही नहीं, वहां पर सीमा को सुदृढ़ करने के लिए तारबंदी का जो काम हुआ उसको भी आप आगे नहीं बढ़ा सके। जिला विकास और शिकायत समितियां हमने स्थापित की थीं और 1250 गांवों में ग्राम सुरक्षा बल की स्थापना की गई थी जहां कि लोगों को रोज़ सवेरे खानों से हथियार दे दिए जाते थे अपनी सुरक्षा के लिए और रोज़ वे जमा कर लिए जाते थे और ये ग्राम सुरक्षा समितियां अब पूरी तरह निष्क्रिय पड़ी हुई हैं और उनका कोई अस्तित्व नहीं रह गया है। इतना ही नहीं, यह ऐसी सरकार है कि इसके प्रधान मंत्री जब नए-नए प्रधान मंत्री हुए तो खुली जीप में इन्होंने कुछ किलोमीटर की यात्रा बड़े आन-बान-शान से की और सिमरनजीत सिंह मान जो अकाली सांसद थे आतंकवादियों के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उस समय उन्होंने बड़ा काव्यमय भाषण दिया था कि नालियों में खून बह रहा है, हम घाव पर मलहम लगायेंगे, हम शांति-सुव्यवस्था स्थापित करेंगे, हम अमृत की धारा बहा देंगे और आज फिर वही ढाक के तीन पात का परिणाम है। पंजाब की जो स्थिति है वह देश में किसी से छिपी हुई नहीं है और हमने लोकप्रिय नेता जन-जन के हृदय में अपना ईश्वर की भांति स्थान रखने वाली इंदिरा गांधी को गंवा दिया, लेकिन खालिस्तान नहीं बनने दिया जो भी परिणाम हुआ, किसी सिख ने इंदिरा गांधी की हत्या नहीं की बल्कि विदेशी ताकतें लोगों की आत्मा में प्रवेश कर गईं और विदेशी ताकतों ने इंदिरा गांधी की हत्या की। जो विकसित राष्ट्र, हैं, आप देखें एक तरफ से उठा करके पाकिस्तान हो, बंगला देश हो, इरान हो, इराक हो, सब जगह जो विदेशी ताकतें हैं वे आतंक मचाए हुए हैं और जो दैनिक समस्याएं जनता की प्रगति की हैं, उनसे आंख मूंद करके लोग ऐसी समस्याओं में उलझ जाएं जिससे जनतंत्र खतरे में पड़े और सारी जम्हूरियत आह करने लगे, उसमें लगे हुए हैं। पंजाब में सिद्धार्थ शंकर रे की गवर्नरशिप में राजीव गांधी की सरकार ने जो डेमोक्रेसी रिस्टोर की थी पंजाब में, उन्हें वर्तमान प्रधान मंत्री ने बदले की भावना से हटाया और एक ऐसे कमजोर आदमी को वहां का गवर्नर बनाया जिसका कि कार्यान्वयन और एक्शन में विश्वास नहीं था बल्कि समर्पण में विश्वास करता था। फिर उसे हटाया और इस सदन के एक माननीय सदस्य वीरेन्द्र वर्मा जी को आपने गवर्नर बनाया। उनसे पिछले महीने चंडीगढ़ में भेंट हुई थी। मुझे ऐसा लगा कि वहां जाकर वह खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्य मंत्री का भी काम करना पड़ रहा है, गवर्नर का भी काम करना पड़ रहा है और सारा काम करना पड़ रहा है और कुछ समझ में नहीं आ रहा है। फिर दूसरी बार मैं चंडीगढ़ गया तो देखा कि गवर्नर हाउस, चंडीगढ़ टेरिटरी गेस्ट हाउस – सब हजार, दस हजार किसानों से घिरा हुआ था। यहां संसद का सत्र चल रहा था और वर्मा जी सेंट्रल हाल में दिखायी दे रहे थे। वे यह पूछने आए थे कि किसानों की संतुष्टि के लिए क्या उपाय करें। उनके पास कोई उपाय नहीं है क्योंकि उनके पास संकल्प नहीं है।

महोदय, आतंकवादी ताकतें देशद्रोह का काम कर रही हैं। पंजाब को इस देश से तोड़कर अलग करना चाहती हैं और खालिस्तान बनाना चाहती हैं। अखिल भारतीय सिख छात्र संघ बिट्टू

ग्रुप और संघ ग्रुप, खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट आदि 122 आतंकवादी संगठन पंजाब में काम कर रहे हैं और राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की शांति की पहल की महरबानी से गुरदासपुर, अमृतसर और फिरोजपुर – इन तीनों सीमावर्ती जिलों में बड़े-बड़े टुकड़े राज्य प्रशासन के काबू से बाहर हो गए हैं। इन जिलों में प्रशासन नहीं है । आतंकवादियों का शासन चल रहा है। उनकी कोर्ट चलती है । उनका हुक्म चलता है । उनके आदेश पर वहां की जनता को मूव करना पड़ता है। केन्द्र में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनने के बाद जितने लोगों की हत्या हुई है, उतनी पिछले 4 वर्षों के दौरान कांग्रेस के शासनकाल में नहीं हुई थी । इसका कारण यह है कि इस सरकार के पास राजनीतिक संकल्प की कमी है, उपाय निकालने की इच्छा शक्ति का अवसान हो चुका है और सबसे बड़ी बात यह है कि इनके दल का कोई आधार पंजाब में नहीं है। इसलिए इन्होंने पंजाब की ओर से आंख मूंद ली है। पुलिस के लोगों को अपने हथियार छोड़कर भागना पड़ रहा है। वहां जो खालिस्तानी अदालतें चल रही है, उससे भी पुलिस का मनोबल गिरा है। इसके पहले कभी नहीं गिरा था। जो 1250 ग्राम सुरक्षा समितियां हमने बनायी थीं, वे समाप्त हो गयीं हैं, खारिज कर दी गयी है या उनका कोई मतलब नहीं है, वे बेमानी हो गयी हैं। आतंकवादियों ने अपना खुला मंच बना रखा है । वहां चौराहे पे खालिस्तानी बेंच बैठती है खालिस्तानी अदालतें फैसला करती हैं । साथ ही यह बड़े दुख, शर्म और लज्जा की बात है कि पंजाब में हमारे नेता राजीव गांधी की हत्या के लिए 10 लाख रुपए का इनाम घोषित करने वाले पोस्टर लगे हुए हैं और यह निकम्मी सरकार आज तक उस पर कोई बयान नहीं दे पायी है और न कोई कार्यवाही कर पा रही है। इंदिरा गांधी की जिन लोगों ने हत्या की, उनके नाम पर गुरद्वारे चल रहे हैं, पूरे राज्य में दिन-दहाड़े हत्या हो रही है, बम-विस्फोट हो रहा है, सुरंगें बिछी हुई हैं, फिरौती के लिए अपहरण किया जा रहा है, बैंकों में डकैती हो रही है और एक प्रकार से आतंकवाद के जितने भी अवयव या पार्टीकल्स हो सकते हैं– उन सबकी इतनी उत्ताल तरंगें उठ रही हैं जिस पर नियंत्रण करना विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार की इच्छा के बाहर की बात है। लोक सभा चुनाव के दौरान आतंकवादियों ने खुलेआम सिमरनजीत सिंह मान और उनके नाम से जाने वाले अकाली धड़े का जोरदार प्रचार किया और सिमरनजीत सिंह मान को मुख्यमंत्री बनाने का वायदा भी। (**समय की घंटी**) सर पांच मिनट हमें दें ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अनाजी मासोदकर) : नहीं, बहुत लोग बोलने वाले हैं ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं बहुत ही संक्षेप में बोलूंगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सिमरनजीत सिंह मान को मुख्यमंत्री बनाने का वचन दिया और आज मान साहब और विश्वनाथ प्रताप सिंह में छत्तीस का संबंध हो चुका है । विश्वनाथ प्रताप सिंह की यह सबसे बड़ी क्वालिटी है कि वह कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं, सोचते कुछ हैं और कार्यवाही में उसे किसी और रूप में उतारते हैं । उन्होंने कहा था प्रेस वालों को अपने प्रधानमंत्री के प्रेस कांफ्रेंस में, कि मेरा प्रधानमंत्री होना सबसे बड़ा हादसा होगा इस देश के लिए और उस हादसा से यह देश आज गुजर रहा है। जिस देश को तोड़ना होता है, उस देश में जातिवाद को लहर फैला दी जाती है और यह जो आरक्षण विरोधी या समर्थन में आन्दोलन चल रहा है, यह विश्वनाथ प्रताप सिंह की देन है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मुझे यह सुनकर बड़ा दुख हुआ कि इस सदन में भारतीय जनता पार्टी के एक माननीय सदस्य बोल रहे थे। मैंने उनसे पूछा कि क्या बाबरी-मस्जिद को गिराकर राम

[डा० रत्नाकर पाण्डय]

मंदिर बनायेंगे । उन्होंने कहा– पांडेय जी, बाबरी-मस्जिद तो है ही नहीं वहां । अस्तित्व को झुठलाने वाली यह बात है और सारे देश में कतलआम और दंगा फैलाने की योजना इस सरकार की है, 30 अक्तूबर के बाद, मैं इस सदन में रिकार्ड करना चाहता हूं कि सारे देश में हिन्दू-मुस्लिम दंगा बाबरी मस्जिद और राम मंदिर को लेकर होगा, उसकी सारी जिम्मेदारी विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनकी सरकार की होगी ।

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल : (गुजरात) : अभी शुरू हो गया ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : हां, अभी हमारे गोंडा में 150 आदमी मारे गए हैं, 72 मुसलमानों की लाशें निकाली गई हैं, 35 लोग अपने घरों से गायब हैं, जिनका पता नहीं लग रहा है । आज हमारे दल ने एच के एल भगत के नेतृत्व में एक दल भेजा है पूरे मामले का अध्ययन करने के लिए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पुनः आना चाहता हूं पंजाब की बात पर । वहां मास को बढ़ावा किसने दिया ? मास को बढ़ावा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दिया । सारी हत्यायें वह सर्तकता दलों की करते हैं, जिन्हें कथित रूप से राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बैन कर दिया गया था । विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनके साथियों की चुप्पी है इस चीज पर, पंजाब पर कोई वक्तव्य नहीं देते । एक बार पंजाब गए, खुली जीप में घूमकर लौट आए और उसके बाद जब जाते हैं तो उनकी करनी, कथनी और चिंतन में इतना अंतराल, इतना भेद है कि कुछ कहा नहीं जा सकता । समस्त घटनाओं को पिछली सरकार के मत्थे मढ़कर मास को बढ़ावा देने वाली इस सरकार की हिम्मत नहीं है कि भारत की 83 करोड़ जनता को अपना मुंह दिखा पाए । जो खालिस्तान की सीधी मांग करता है, उसको आपने बढ़ावा दिया, उसका आपने स्वागत किया ।

आज पंजाब जल रहा है, जगह-जगह खून की नदियां बह रही है । चाहे आपकी पार्टी से हों, चाहे कम्युनिस्ट हों, चाहे भारतीय जनता पार्टी हो, चाहे कांग्रेस हो जिन राजनीतिक दलों के लोगों पर या जिन बुद्धिजीवियों पर या जिन पत्रकारों पर गोली चलाई गई है, जिनका खून बहा है, वह किसी दल से संबंधित नहीं है, वह भारत माता की संतान हैं और समाज-सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे थे । आपकी सरकार मौन बनी हुई है । उस समय तो आपने वायदा किया था, 30 मार्च को संभवतः इसी सदन में, कि हम चुनाव कराकर आयेंगे । हमने तो चुनाव का माहौल बना दिया था, लोक सभा के चुनाव करा दिए थे, ग्राम-पंचायतों के चुनाव कराने जा रहे थे, विधान सभा के चुनाव कराने जा रहे थे और आपने तो वह सब रोक दिया । आज पंजाब धधक रहा है, पंजाब जल रहा है और आप वहां के लिए छह महीने का समय और चाहते हैं, वह समय सदन आपको दे रहा है, लेकिन जैसा अभी कम्युनिस्ट पार्टी के एक माननीय सदस्य ने कहा कि आगे समर्थन नहीं करेंगे । आपका मुंह क्या है इस सदन में दिखाने का । दूसरे सदन की बात करना वर्जित है, लेकिन सारा देश जानता है क्योंकि जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि दोनों सदनों में आते हैं, आपके दल के लोग कितने इंटरेस्टेड है कि आपके दल का ही समर्थन आपको पंजाब के लिए इस संशोधन विधेयक पर दो दिन पहले नहीं मिला और आज आपको फिर यह विधेयक लेकर यहां आना पड़ा है । घरेलू जैसे कोई मांडा का राज्य चल रहा है । यह भारत सरकार है, सरकार को व्यक्तिगत चीज नहीं बनाना चाहिए और आपका नियंत्रण अपने दल के संसद सदस्यों पर जब नहीं है तो पंजाब पर आप क्या नियंत्रण करेंगे । विश्वनाथ प्रताप सिंह पंजाब में काम चलाऊ फैसले करते हैं और उनकी सरकार के पास पंजाब के लिए कोई नीति नहीं है, कोई कार्यक्रम नहीं है, कोई आधार नहीं है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : पांडेय जी, पांच मिनट से भी ज्यादा समय हो गया है ।

डा० रत्नाकर पांण्डेय : आतंकवाद पर अंकुश लगाने का उनका कोई इरादा नहीं है । वे चाहते हैं कि समस्याये बनी रहें और समस्याओं के बीच वे अपनी कुर्सी सुरक्षित रखना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आतंकवाद का नंगा नाच पंजाब में हो रहा है। जो बार्डर पर तार लगाए जा रहे थे, उन तारों को ऐसे-वैसे रासायनिक यंत्र आ गए हैं बिजली की तार के करंट चल गए हैं, उनको गला दिया जाता है और बाहर से हथियार आ रहे हैं और उसे पार करके आतंकवादी जाकर के हथियार ला रहे हैं, दस्ताने पहन कर के रबड़ के वे ला रहे हैं। जेलों से जो आतंकवादी बन्द थे उन्हें आपने छोड़ दिया । पिछली सरकार ने कुछ अच्छे काम किए थे, उन सबको आपने लिबरल दिखाने के लिए अपने को. . .

उपसभाध्यक्ष (श्री भैरों सिंह शेखावत) : बहुत हो गया ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : दो मिनट और । और आतंकवादियों को खुलेआम आपने छोड़ा और अब आपके प्रधानमंत्री महोदय फिर सदन में आ रहे हैं। सर्वानुमति की बात करते हैं कि सब लोग मिलकर के बताइएं कि क्या करें और जब इस देश में जातीयता की आग भड़काने की बात थी, देवी लाल की रैली हो रही थी और उसके दो दिन पहले आपने मंडल कमीशन को बिना डिबेट के, बिना डिक्शन के लागू कर दिया। इस देश को आप तोड़ना चाहते हैं। चाहे पंजाब की समस्या हो, चाहे कश्मीर की समस्या हो।

माननीय महोदय, अंत में आतंकवाद से अब तक कितने लोग पंजाब में मरे गए हैं इसका कच्चा-चिट्ठा और सही रिकार्ड मैं इस सदन में रिकार्ड कराना चाहता हूं ? जनवरी, 1990 से 20 सितम्बर, 1990 तक पंजाब में 2278 लोग अब तक मारे गए हैं। उसके पहले दिसम्बर और मार्च में 875 लोग मारे गए थे । गुरुदासपुर में 302 लोग, होशियारपुर में 47 लोग, रूप नगर में 63 लोग, जालन्धर में 37 लोग, कपूरथला में 18 लोग, अमृतसर में 1334 लोग, फिरोजपुर में 190 लोग, फरीदकोट में 84, भटिंडा में 42, संगरूर में 24, पटियाला में 54, लुधियाना में 83 । इस तरह से 1 जनवरी से 20 सितम्बर, 1990 तक पंजाब में 2278 लोग मारे गए हैं। इन निर्दोष लोगों का खन जो बहा है, इसकी सारी जिम्मेदारी विश्वनाथ प्रताप सिंह पर है और विश्वनाथ प्रताप सिह की सरकार, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अपनी नीति, राष्ट्रीयता की भावना से परे होकर के विदेशी ताकतों के इशारे पर कठपुतली होकर के चल रही है और उसी का परिणाम है कि आज पंजाब जल रहा है, कश्मीर देश से अलग हो रहा है, उल्फा आंदोलन हमारे पूर्वी उत्तर के जितने प्रान्त हैं, सैवेन सिसटर्स, उनको अलग करने में लगा हुआ है और जगह-जगह जातीय संघर्ष का, धार्मिक उन्माद का जो नंगा स्वरूप इस देश में दिखाई पड़ रहा है उसकी सारी जिम्मेदारी एकमात्र विश्वनाथ प्रताप सिंह की है और इनकी सरकार को इस ईश्यू में इस्तीफा दे देना चाहिए और किसी दूसरे व्यक्ति को अपना नेता चुनना चाहिए जो देश की समस्याओं को हल कर सके और पंजाब में सुख-शांति की त्रिवेणी फिर से प्रभावित हो सके और हर्शमैन के इशारे पर चलने वाली यह सरकार, "प्राइड आफ पावर" नामक पुस्तक में हर्शमैन ने लिखा है कि जिस देश को तोड़ना हो वहां जातीय संघर्ष करा दो, धार्मिक उन्माद फैला दो, वहां आतंकवाद और गुंडागर्दी फैला दो, इन सब चीजों को विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार कठपुतली की तरह से लागू कर रही है और भारत माता के शरीर को इस देशवासियों के रक्त से रंजित कर रही है ।

पंजाब की समस्या पूरे राष्ट्र की समस्या है । राष्ट्र के कोटि-कोटि लोग पंजाब की धरती पर अपने प्राण दे देंगे लेकिन विश्वनाथ प्रताप सिंह की साजिश के तहत खालिस्तान नहीं बनने देंगे। पंजाब भारत का अंग रहा है, रहेगा, उसे कोई ताकत अलग नहीं कर सकती ।

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे समय दिया।

श्री आनन्द प्रकाश गौतम (उत्तर-प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज प्रस्तुत संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा में मुझे आपने भाग लेने का अवसर दिया इसके लिये मैं आभार व्यक्त करता हूं। महोदय, आज राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को यह दूसरी बार संशोधन विधेयक लाना पड़ा है। ठीक इसी तरह से पिछली बार भी हम सभी लोगों ने अधिकांशत: पक्ष और विपक्ष के सभी लोगों ने एक राय होकर के विधेयक का समर्थन किया थे। पिछली सरकार को लगभग चार साल तक इसी तरह का विधेयक लाकर के और पंजाब में राष्ट्रपति शासन को लागू करने की बाध्यता उनके सामने रही। हमारे साथियों ने अपने विचार इस संबंध में बहुत गहराई से रखे, बड़ी गंभीरत से इस पर विचार किया। पंजाब में बढ़ते हुए आतंकवाद, वहां पर हुई हत्यायें उन सब की किसको किसके प्रति इसकी जिम्मेदारी है इन सब बातों पर हम सब लोगों ने इस पर गंभीरता से विचार किया है। विपक्ष के हमारे साथी यह जानते हुए भी कि वह 4 साल तक परिस्थिति को झेलते रहे हैं बराबर सरकार को यह कहते हैं कि उसकी असफलता का कारण यह रहा है कि आज की परिस्थिति पैदा हुई। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह तो विरासत आपने ही दी थी और अगर यह असफलता हम राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की मानें तो यह असफलता चार वर्ष तक आपके जिम्मे रही है और देश के प्रति जिस तरह से आपने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया है सारा सदन और देश के व्यक्ति उसको जानते हैं। आज वहां पर आतंकवाद को खत्म करने का, वहां पर युवकों के लिए अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का और एक अच्छा सामाजिक और सामान्य वातावरण पैदा करने का जिससे लोगों में लोकतंत्र की भावना पुन: जागृत हो और लोकतंत्र को पुन: जीवित करने का राजनीतिक प्रयास किया जा सके। जहां पर सत्ता पक्ष की यह जिम्मेदारी है कि आतंकवाद का मुकाबला डटकर के करें, रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करायें, मैं यह मानता हूं, मेरा यह विचार है कि हम सब लोग इस जिम्मेदारी से कहीं नकार नहीं सकते। वहां पर हमारा सबका एक ऐसा प्रयास होना चाहिए, हम चाहे किसी भी पार्टी के हों, किसी भी दल के हों, इन सब चीजों को अलग रखकर के राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रयास ऐसा होना चाहिए कि हम पंजाब में एक अच्छा वातावरण पैदा कर सकें लोकतंत्र को बहाल करने के लिए। पंजाब की समस्या जब आज राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए एक चुनौती बनती चली जा रही है ऐसी स्थिति में वह केवल पंजाब की समस्या नहीं रह गई है एक पूरे मुल्क की समस्या है, पूरे राष्ट्र की समस्या बनकर के आज पंजाब की समस्या है। इसलिए चाहे आप विपक्ष में हों, चाहे जो लोग पक्ष में बैठे हों राष्ट्रीय स्तर पर सभी लोगों का एक दायित्व बनता है कि हम वहां पर एक अच्छा वातावरण पैदा करने के लिए आगे आयें और जो हमारे साथियों ने यह कहा कि 6 महीने पहले भी हमने यही तय किया था कि हम आगे आने वाले 6 महीने के बाद हम निश्चित रूप से चुनाव कराने की स्थिति में होंगे सर्वसम्मत यह राय बनी थी कि 6 महीने के लिए राष्ट्रपति शासन वहां पर और बढ़ाया जाये। मैं समझता हूं उसी वातावरण में और उसी परिप्रेक्ष्य में जाकर अधिकांशत: सभी लोगों की जहां तक मैं समझता हूं यह राय है कि अभी और मौका हम लोग लेना चाहते हैं, आप सब लोग यह मौका दुबारा लेना चाहते हैं कि आप एक अच्छा प्रयास करेंगे ताकि भविष्य में अगले 6 महीने बाद हम इस प्रकार का कोई बिल सरकार की तरफ से न लायें और आपको भी उसमें समर्थन करने की कोई आवश्यकता नहीं पड़े।

सभी लोगों की यह राय है कि अभी और वक्त हमें लेना चाहते हैं। आप सब लोग यह मौका दोबारा लेना चाहते हैं कि आप एक अच्छा प्रयास करेंगे ताकि अगले ६ महीनों के बाद हम इस प्रकार का कोई बिल सरकार की तरफ से यहां न लायें

और आपको भी उस पर समर्थन देने की कोई आवश्यकता न पड़े। इसलिए सभी लोग अपने-अपने गिरेबान में झांककर यह देखिए कि सरकार ने जो प्रयास किए हैं वह तो उनकी जिम्मेदारी है मगर हमारी, आपकी जो जिम्मेदारी थी उसको हमने पूरी तरह से निभाया है या नहीं? राष्ट्र के प्रति हमने अपनी जिम्मेदारी निभाई है या नहीं?

मैं समझता हूं कि अगर इस प्रकार की धारणा आपके मन में बनेगी और अगले 6 महीनों में हम राष्ट्रीयता की भावना मन में लेकर पंजाब में लोकतंत्र की बहाली के लिए एक राजनीतिक और सामाजिक वातावरण उत्पन्न करने का काम करेंगे तो मेरा विश्वास है कि अगले 6 महीनों के भीतर ही सरकार की दृढ़ धारणा से और आपके सहयोग से हम पंजाब में लोकतंत्र को बहाल कर सकेंगे और वहां असेंबली का चुनाव करवाकर, पंजाब को देश की मुख्य धारा के साथ जोड़कर हम उसे राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांध सकेंगे। यह हमारा दायित्व है और पूरे सदन का दायित्व है। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बड़ा दुर्भाग्य है कि बार-बार पंजाब के बारे में हम यहां इतना विचार-विमर्श करने के लिए आते है और हमें बड़ी देर तक बहस करनी पड़ती है। यह वह पंजाब है जिस पंजाब ने पूरे हिन्दुस्तान की इज्जत अस्मत, आजादी और अखंडता के लिए एक सुदृढ़ हिमालय के रूप में खड़े होकर सब कुछ बचाकर रखा है। यह पंजाब हजारों साल तक अपने दुश्मनों से लड़ता रहा है और लड़कर दुश्मनों को अपनी सरहदों पर रोकता रहा है और अपने सारे भारतवासियों की रक्षा करता रहा है। आज भारतवर्ष में एक ऐसा धार्मिक उन्माद का माहौल ऊभर रहा है जिसमे लोगों को ऐसा महसूस हो रहा है कि शायद ऐसे माहौल में उनका धर्म सुरक्षित नहीं रह सकेगा। इतिहास में पहले भी एक ऐसा मौका आया था जब कि आज के बहुसंख्यक लोग ऐसा ही सोचने के लिए मजबूर हो गए थे कि अब उनका धर्म नहीं बच सकेगा, अब वह तिलक लगाकर नहीं घूम सकेंगे, अब वह जनेऊ पहनकर नहीं घूम सकेंगे, अब वह चोटी रखकर अपने आपको ब्राह्मण नहीं कहला सकेंगे या अपने आपको हिंदु नहीं कहला सकेंगे।

जब ऐसा मौका आया था, उस वक्त पंजाब की भूमि से एक संत उठा था, जिसने अपनी कुरबानी दी थी और वह कुरबानी देने वाले संत थे—सिक्खों के नवें गुरु, गुरु तेगबहादुर जी। वे जनेऊ नहीं पहनते थे, वे तिलक नहीं लगाते थे, वे चोटी नही रखते थे। जो लोग अपने माथे पर तिलक लगाते थे, जो लोग अपने बदन पर जनेऊ झुलाते थे, जो लोग अपने सिर पर चोटी रखते थे, ऐसे लोगों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए गुरू तेगबहादुर ने कुरबानी दी थी और उसका जीता-जागता प्रमाण दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा है। आज दिल्ली में ही बैठकर हम विचार कर रहे हैं पंजाब के बारे में। दिन गुजरते जा रहे हैं, महीने गुजरते जा रहे हैं, साल गुजरते जा रहे हैं लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। हमारा यह भाषण उन दूर-दराज के गांवों तक नहीं पहुंच सकता।

मैं इस सदन में कई बार कह चुका हूं कि हम जब अपने साथ ब्लैक कैट के कमांडो लेकर गांवों में जाकर यह कहेंगे कि आतंकवादियों का मुकाबला करो तो वह कभी नहीं होगा क्योंकि ब्लैक कैट के कमांडो हमारे साथ वापस आ जाते हैं और उन ग्रामवासियों को मजबूर होना पड़ता है उनका सामना करने के लिए। सरहद के उस पार से जो ए०के०—47 और ए०के०—94 की गोलियां चलती हैं, उसका सामना उन्हें करना पड़ता है। हमारे सदन के गुरुपदस्वामी जी जब इधर बैठते थे तो ये विरोध करते थे जो आज ब्लैक कमांडो लेकर घूमना शुरू कर देते हैं, जो आज वहां नहीं जा सकते हैं यह कहने के लिए कि भाइयो तुम लोग विरोध करो, इस आतंकवाद को रोको, इससे पंजाब को बचाओ। मैं सहमत नहीं हूं उन लोगों से जो कहते हैं कि वहां बहुत सारा नुकसान हो रहा है। वहां तीन

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

जिलों में आतंकवाद है और उन तीन जिलों में जाने के लिए हमारे में हिम्मत नहीं है, हमारे में कमी है । हमारा जो पुलिस फोर्स है, मुझे यह कहने में कोई दुविधा नहीं है कि वह करप्ट है, वहां लोग ऊपर से नीचे तक करप्शन में डूब चुके हैं । उन्होंने ऐक्सटार्शन आफ मनी का धंधा बना लिया है । जमींदारों के लड़कों को उठाकर ले जाते हैं और मांगते हैं और पैसे लेकर उनको छोड़ा जा रहा है । खालिस्तान का नारा कहां से चलता है, यह हर एक आदमी जानता है, हर भारतीय जानता है । सोचने की बात है कि इसको बढ़ावा किसने दिया है । किसने इस आग में आकांक्षाएं भरी हैं ? किसने इस आग में आशाएं भरी हैं यह सोचने की जरूरत है । क्या आपने यह आशाएं नहीं बढ़ाई ? क्या आपने उनकी आकांक्षाएं नहीं बढ़ाई ? आप दिन पर दिन भाषण दे रहे कि आप वहां चुनाव कराएंगे । रोज उनको मंत्र पढ़ाते रहे कि हम तुमको मंत्री बना देंगे, हम तुमको एम० पी० बना देंगे एम० एल० ए० बना देंगे । आपने क्या किया इतने दिन तक ? जब आप इधर बैठते थे तब भी एक इनकंपिटेंट अपोजिशन लीडर का रुख आपने अपनाया और आज उधर ट्रेजरी बैंचेज में बैठकर इनकंपिटेंट ट्रेजरी बैंचर बनकर क्या कर रहे हैं ?

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): तभी तो आप कंपिटेंट बनकर उधर बैठे हैं ... (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया: कौन कंपिटेंट था यह मुझे मालूम है ।

महोदय, यह जो प्रेसिडेंट रूल 6 महीने के लिए बढ़ाने के लिए बिल लाया जा रहा है, मैं समझता हूं कि उसके लिए हमारे संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि दिल्ली में सेंट्रल रूल लागू हो और प्रधान मंत्री की इस मंत्री सभा को बर्खास्त किया जाए जो कि इनकंपिटेंट है, जिसने सारे देश में आज पंजाब को इर्रेलेवेंट कर दिया है, काश्मीर को इर्रेलेवेंट कर दिया है ? पंजाब की खबरें अब पांचवें पेज पर छपती हैं, कांश्मीर की खबरें अब 7वें पेज पर छपती हैं आज पहले पेज पर और ही न्यूज होती है । उसके बीच पंजाब जल रहा है । काश्मीर धधक रहा है । उसके बारे में कोई चिन्ता नही है ।

श्रीमन्, अभी कुछ दिन पहले मानसून सेशन के बीच में प्रधान मंत्री महोदय अमृतसर गए और कहकर आए कि मानसून सेशन समाप्त होने के बाद, 10 तारीख घोषित कर आए कि, पद यात्रा करूंगा, गांव-गांव के लोगों को समझाऊंगा और गर्व समझूंगा अगर यहां मारा जाऊं । लेकिन 10 तारीख आने जा रही है, उनकी पद यात्रा का क्या हो रहा है पता नहीं । लोग वहां पर उम्मीद लगाए बैठे है, आशा लगाए बैठे हैं कि आतंकवाद से उनका छुटकारा होगा । वे आतंकवाद से छुटकारा चाहते है, वे इन फसादों से छुटकारा चाहते हैं । वे पंजाब में अमन चाहते हैं, वे वहां शांति चाहते हैं, बेचैन चाहते हैं । लेकिन उन उम्मीदों का जब खात्मा हो जाता है तो उनके लिए क्या रास्ता है ? एक तरफ वहां ए०के० 47 लेकर लोग आते हैं । अभी जैसा हमारे माननीय सदस्य भूपेन्द्र सिंह मान जी बता रहे थे, पंजाब के बारे में वे हमसे ज्यादा जानते है, कि जब एक नौजवान को इंटेरोगेट किया जाता है तो इंटेरोगेशन में क्या तकलीफ होती है, वह उसी को पता होती है और उस दर्द को, उस तकलीफ के बाद क्या होता है कि वह भागकर चला जाता है बार्डर पार करके चला जाता है । तो यह जो हालात हैं, इन हालात में आप वहां पर आतंकवादियों की संख्या बढ़ा रहे हैं । ऐसे काम आप कर रहे हैं, ये जानने की आपने कोशिश की है ? एक तरफ तो उनकी उम्मीदें बढ़ाते हैं कि हम चुनाव कराने जा रहे हैं, यह आपने अपने मेनीफेस्टो में भी कहा है और इसी कारण सिमरनजीत सिंह मान ने सभी मैम्बरों को चिट्ठी भेजी है उसमें वह खुद कहते हैं , फ्रस्ट्रेटिड होकर गालियां निकालते

है, आपकी भी गालियां निकाल रहे हैं आप पढ़ लीजिए :

"With the Janata Dal Government installed at the Centre, the Sikhs hoped to get justice and a representative Government in the State. We expected that after years of repression the new Government would bend its energy to achieve a permanent settlement with the Sikhs as promised during the election campaign. It was expected to prepare the ground by dismantling the reprehensible machinery."

वह निराश होकर यह कहते हैं। आज तक यू०एन०ओ० में वह नहीं गया था, आज तक उसने अमेरिका के अम्बेसडर को कभी मैमोरेंडम नहीं दिया था। किन्तु आपसे नाखुश होकर, आपसे फ्रस्ट्रेटिड होकर अमेरिका के अम्बेसडर को मेमोरेंडम पकड़ा रहे हैं आगे लिखते हैं :

"In other words what was expected of the new Government was to restore the rule of law to fulfil the election promise and thus start confidence-building promise. Regrettably it failed to take positive steps. On the other hand, it reversed the political process initiated by the erstwhile Government by excluding Punjab from the Assembly elections and by extending President's rule through a series of Constitutional Amendments. It has taken the Punjab situation to a point of no-return.'

यह मेरी भाषा नहीं है। यह आपके नेशनल फ्रंट की एक अलाइड पार्टी की भाषा है। फ्रस्ट्रेशन में आज अगर वह सेल्फ डिटरमिनेशन की बात करता है, आज अगर वह यू.एन.ओ. में बात करता है, आज अगर वह अमेरिका के पास अपनी आवाज पहुंचाने की बात कर रहा है तो आपके कारण कर रहा है। इसके पहले कभी भी यह हिम्मत, यह हिमाकत पंजाब के किसी नेता ने नहीं की थी कि यू.एन.ओ. में बात पहुंचाये। वह जानता था कि यहां इसका हल हो सकता है लेकिन आज वह चिराग, आज वह रोशनी, आज वह सपना, आज वह आकांक्षाएं टूट चुकी हैं, बिखर चुकी हैं। क्यों नहीं बिखरे, उसके पीछे कारण है। आज यह पता नहीं है कि नेशनल फ्रंट गवर्नमेंट का असली मालिक कौन है। हमारे सुबोध कांत सहाय बिहार के रहने वाले हैं, बेचारे बड़े भद्र हैं शरीफ हैं। इसका नजायज फायदा हमारे गृह मंत्री उठाते हैं। अभी इन्होंने पंजाब की दो दिन की यात्रा कर डाली और इनके साथ इन्द्रकुमार गुजराल थे। दोनों ने बैठकर प्रेस कान्फ्रेंस कर दी कि पंजाब में पोल होंगे, चुनाव होंगे। आज यह बिल पास कराकर पंजाब चले जायें तो इनकी बोटी-बोटी काट डालेंगे क्योंकि पंजाब के लोगों को यह वायदा देकर आये थे कि चुनाव करा देंगे। यह बताइये कि इनकी क्या आस्था रह गयी, इनकी क्या आवाज रही? हमारे पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर उपेन्द्र जी कहते हैं कि पंजाब में 5 जून को या 15 जून को चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसा कह कर आप वहां के लोगों को आशाएं और आकांक्षाएं बढ़ा रहे हैं। इस सबके बाद मुफ्ती मोहम्मद साहब 13 सितम्बर को अपने घर में पत्रकारों को बुलाते हैं। अगले दिन न्यूज पेपर्स में हैडलाइन्स में आता है कि केबिनेट में डिसिजन हो गया है कि पंजाब में चुनाव होंगे। यह खिलवाड़ है। दूसरे दिन प्रधान मंत्री महोदय का बयान आता है कि ऐसा कोई निर्णय केबिनेट में नहीं हुआ। मैं जानना चाहता हूं कि आखिर यह सरकार चाहती क्या है, इसी तरह से पंजाब के लोगों की आकांक्षाओं और कल्पनाओं के साथ खिलवाड़ करना या वहां पर गणतांत्रिक पद्धति द्वारा राज्य शासन? इस सरकार का एक्शन प्लान क्या है? यह क्लीयर-कट नहीं आ रहा है। एक तारीख को इनका इस बारे में बिल लोक सभा में फेल हो गया था। दो दिन की छुट्टी थी और इसी दो दिन में इन्होंने एक इकोनोमिक पैकेज डिक्लेयर कर दिया। इनसे कोई पूछे कि इकोनोमिक पैकेज अगर डिक्लेयर करना था तो पंजाब का बिल ले रहे थे उसके साथ ही डिक्लेयर क्यों नहीं कर दिया? उसके साथ कहते कि यह एक्शनप्लान है और वह फुलफिल तब तक होगा

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

जब तक हम चुनाव की तारीख डिक्लेयर नहीं कर देते । इनकी कोई इच्छा नहीं है, कोई नियत नहीं है । मैं इनकी नियत पर शंका प्रकट करना चाहता हूं । मैं कहता हूं कि अगर पंजाब को डिजास्टर से बचाना है तो पंजाब में पोलिटिकल प्रोसेस शुरू करने की जरूरत है जो कांग्रेस ने शुरू किया था । उस पोलिटिकल प्रोसेस को इन्होंने तोड डाला पंजाब में पार्लियामेंटरी चुनाव होने के बाद यह कहा गया था कि पंचायतों के चुनाव और लोकल बाडीज का प्रोसेस शुरू किया जाएगा और उसके बाद एसेम्बली के चुनाव कराये जाएंगे । आपने उस सिस्टम को तोड़ डाला । सारी कमेटियों को बदल दिया । नई कमेटियां बैठा दी गई । नेशनल फ्रंट गवर्नमेंट के हमारे एक मित्र कह रहे थे कि आप अच्छे हैं, भाग्यवान हैं और तगडें हैं, इसलिए इधर बैठे हुए हैं, । मैं उनसे कहता हूं कि आप अपनी ताकत का सदुपयोग कीजिये । क्यों नही नेशनल फंट की पूरी कमेटी खालिस्तान के खिलाफ लड़ने जाती ? क्यों नहीं आप उनके खिलाफ चनाव अभियान चलाते हैं ? क्यों नहीं आप सडकों पर आते हैं ? आप हमें बताइये कि कौन सी चीज रख रहे हैं । आपकी नियत में बहुत फर्क है । नियत में फर्क होने के कारण ही आप भाग रहे हैं । आज मुद्दा जाति-वाद और साम्प्रदायिकता की तरफ चला गया है और पाचवें पेज पर खबरें छप रही हैं । यह किसी दिन ब्लो-अप होगा और विश्व को भी धमाका कर रख देगा । मैं चाहता हूं कि सरकार कोई कंक्रीट एक्शन प्लान लेकर आये और छः महीने के अन्दर क्या करना चाहती है, यह बताये । अगर छः महीने के अन्दर चनाव नहीं करती है तो इनकी क्या इच्छा है । अपने मंत्रियों से संयम बरतने के लिए कहे । श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी ने कहा कि व पंजाब में चुनाव चाहते हैं । श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी जनता दल के जनरल सेक्रेटरी हैं और इम्पोरटेंट लीडर हैं। वे खद कहते हैं कि वे पंजाब में चुनाव चाहते हैं और वोट चुनाव नहीं कराने के पक्ष में देते हैं । इस प्रकार के कई अन्य सदस्य भी होंगे जो चाहते हैं कि चुनाव होने चाहिये, लेकिन वोट चुनाव न कराने के पक्ष में देते हैं । आखिर यह कितने दिन तक चलेगा । मेरी गुजारिश है और सरकार से विनती है कि वह कोई उचित रास्ते अपनाये । चाहे जामा मस्जिद चलें, बंगला साहब गुरुद्वारे में चले, किसी चर्च में चलें या सोमनाथ के मंदिर में चलें और प्रार्थना करें कि हे दीनानाथ पंजाब को बचाओ, हमें मुसीबत में मत डालो ।

श्री भंवर लाल पांडेर (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस संविधान संशोधन विधेयक पर बोलने का अवसर दिया, इसका मैं आपको धन्यवाद देता हूं । आप यहां पर पीठासीन हैं, इसमें आपका जो निर्णय है वह निर्णय नहीं, वह सदन का संचालन है । अच्छा होता कि मैं एक उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में होता और आप बम्बई हाई कोर्ट के जज के रूप में बैठे होते तो मैं आपके सामने इस संविधान सशोधन की वैधता की बात करता । यह जो संविधान संशोधन जाया जा रहा है, क्या यह बेसिक स्ट्रक्चर आफ दी कांस्टिट्यूशन के विपरीत है, यह प्रश्न मैं आपके सामने करना चाहता हूं । हमारी पार्टी ने और हमारे नेता द्वारा इस भारत के बहुमुखी हित के लिए यह एक घूट पिया है । यह घूट पहले भी पिया था और दूसरी बार भी पिया है, शिव के रूप में पिया है । क्लाज नं० 4 को मैं उद्धृत करना चाहता हूं । क्लाज नं० 4 में सविधान के निर्माताओं ने बहुत ही गूढ विचार करने के बाद एक सीमा निर्धारत की थी । क्लाज 4 में जो उधिक से अधिक समय दिया था वह 3 साल का समय दिया था और कहा था कि तीन साल की अवधि तक आप वहां प्रोक्लेमेशन करके समय बढा सकते हो ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : पहले तीन साल नहीं था । बाद में गवर्नमेंट

ने इस बढ़ाया था । जब संविधान बना था तब तीन साल नहीं था ।

श्री भंवर लाल पंवार : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने बराबर इस अवधि के अंदर ऐसी स्थिति पंजाब मे ला दी थी कि हम पंजाब में चुनाव करा सके थे । हमने वहां लोक सभा के चुनाव कराये और फिर असेंबली के चुनाव कराये लेकिन इस सरकार के प्रधानमंत्री ने समय-समय पर वहां जाकर जो घोषणाएं की, एक कवि हृदय के रूप में केवल भावनाओं में बहकर देश के सामने हर समय कुछ न कुछ कह देते हैं, उन्होंने कहा कि या तो मैं पंजाब में शांति ला दूंगा वरना मेरी लाश वापस जायेगी । ऐसी ऐसी घोषणायें करके वहां के लोगों के मन में आकांक्षायें बढ़ाकर ये वहां की स्थिति को विपरीत करने जा रहे हैं । हमने पार्टी लेवल से ऊपर उठकर, जब हमारे पूर्व प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्रित्व का भार संभाला तो पार्टी के मैनीफेस्टो में यह हमने कहा था कि वहां पर चुनाव कराये जायेंगे। हम जानते थे कि कांग्रेस वहां नहीं आयेगी लेकिन राजीव गांधी जी ने उस समय भी पंजाब में इलेक्शन कराकर वहां पर लेजिस्टेटिव असेंबली कायम की । लेकिन इस सरकार ने क्या किया ? हमने स्थिति को जिस अवस्था में लाकर छोड़ दिया था, हमने वहां पर पार्लियामेंट के चुनाव करवाये, लेकिन अब वहां की स्थिति किस तरह से चरमरा गई है यह आप देख सकते हैं । कश्मीर में एक घटना घटित हो गई हमारे एक पड़ोसी देश से उस घटना के कारण ऐसी मानसिकता बना दी है कि भारत में कोई सही नेतृत्व है ही नहीं और इसके कारण वह पड़ोसी देश हम पर हावी होने लगा है । यहां तक कि विश्व में भारत की क्या स्थिति बन गई है, इस सरकार के पश्चात् यह सर्वविदित है ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अंत में मैं एक बात कहना चाहूंगा कि हमारे राजस्थान में एक कहावत है कि राज गरमाई का, व्यापार नरमाई का । लेकिन इस सरकार के आने के बाद सारे विश्व में यह धारणा बन गई है कि यह सरकार कभी भी राष्ट्र को नहीं बचा पायेगी, यह सरकार राष्ट्र का कोई हित नहीं कर पायेगी । इसलिए बाहर से सब अपना डंक मारने के प्रयत्न में लगे हुए हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : अब आप कन्कलूड कीजिये ।

